भाद्रपद कृष्ण पक्ष-8, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 65 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

26 अगस्त 2024 सोमवार

**आज का मौसम**

30 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



जन्माष्टमी आज

# जन्माष्टमी पर झूमा शेयर बाजार, देशभर में मन रहा त्योहार



**मुंबई, एजेंसी।**

पूरे देश में आज जन्माष्टमी पर्व मनाया जा रहा है और भारतीय शेयर बाजार में भी इसका उत्साह कारोबार पर नजर आया। मार्केट के दोनों इंडेक्स सेंसेक्स व निफ्टी ने जोरदार शुरुआत की। सेंसेक्स 600 अंक से ज्यादा उछला, तो वहीं एनएसई का निफ्टी भी 25,000 के पार पहुंच गया। इस दौरान लॉर्जकैप कंपनियों के शेयर में सबसे ज्यादा तेजी आई।

ब्रज में धूम



मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का उल्लास पूरे चरम पर है। कान्हा के स्वागत को ब्रज स्वर्ग सा सजाया गया है।आज मध्यरात्रि 12 बजे घर-घर कन्हाई जन्म लेंगे। हर घर में मंगल बधाई गीत गूजेंगे। उनके दर्शन के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु ब्रज में आ चुके हैं। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर मुख्य उत्सव का आयोजन होगा। यहां सुबह 5.30 बजे से रात्रि 1.30 बजे तक निरंतर प्रवेश है। ब्रज के सभी छोटे-बड़े मंदिर, चौराहों को भी सजाया गया है। अनुमान के मुताबिक 50 लाख से अधिक श्रद्धालु कृष्ण जन्मोत्सव के गवाह बनेंगे। मप्र में भी स्कूलों में आयोजन हो रहे हैं। सामाजिक स्तर पर भी अनेक आयोजनों का दौर है।



**महाकाल का श्रृंगार, सीएम पहुंचेंगे:** बाबा महाकाल के दरबार को 700 किलो फूलों से सजाया गया है। रात 10 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गोपाल मंदिर में भगवान का दर्शन करेंगे।

**भोपाल में झूम रहे भक्त:** भेल स्थित इस्कॉन मंदिर में सुबह से ही भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। भजन-कीर्तन पर कृष्ण भक्त झूम रहे हैं।

**ग्वालियर में पहनाए 100 करोड़ के गहनें:** ग्वालियर के गोपाल मंदिर में श्रीराधा-कृष्ण को 100 करोड़ से ज्यादा की एंटीक ज्वेलरी पहनाई जा रही है। इनमें बेशकीमती रत्न हीरा, पन्ना, माणिक, मोती, पुखराज और नीलम जड़े हैं। बताया जाता है कि यह ज्वेलरी 150 साल से ज्यादा पुराने सिंधिया रियासतकाल की है। इसे हर साल कड़ी सुरक्षा के बीच बैंक लॉकर से निकाला जाता है।

### कश्मीर में दो पूर्व डिप्टी सीएम के टिकट काटे, 14 मुस्लिमों को बांटे, फिर भी लिया यू-टर्न

# चुनाव का तनाव...उम्मीदवार घोषित करने के दो घंटे बाद भाजपा ने सूची वापस ली

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

दस साल बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा को आज पहली चुनौती अपनी भीतर से ही मिल गई। पार्टी ने सुबह अपने 44 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की लेकिन दो घंटे बाद ही यह लिस्ट वापस लेने का ऐलान कर दिया। माना जा रहा है कि स्थानीय नेताओं के तगड़े विरोध के चलते ऐसा किया गया है। फिर दोपहर को 15 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई बाकी नाम शाम तक आ सकते है। दरअसल आज सुबह जारी लिस्ट में 14 मुस्लिम नाम शामिल थे। श्रीमाता वैष्णो देवी सीट से रोहित दुबे को टिकट दिया गया था। किश्तवाड़ से सुनील शर्मा को मैदान में उतारा था। पिछली सरकार में वे मंत्री रहे थे। इस लिस्ट से साफ था कि भाजपा नई रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है। भाजपा ने इस प्रयोग के फेर में अपने कई पुराने नेताओं का टिकट काट दिया था, जिनमें पूर्व डिप्टी सीएम निर्मल सिंह व कविंद्र गुप्ता भी शामिल थे। भाजपा ने दूसरे दलों से आए युवा नेताओं को भी मौका दिया था। जानकार बता रहे हैं कि इस सूची के आते ही जम्मू कश्मीर में भाजपा के भीतर उबाल आने लगा था। अब भाजपा के सामने कठिन चुनौती आ गई है। क्योंकि




उसे अपने स्थानीय नेताओं कार्यकर्ताओं को भी साधना है और सूची भी तत्काल जारी करना है क्योंकि पहले चरण के लिए चुनाव के लिये नामांकन की आखिरी तारीख 27 अगस्त है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं, जहां तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। इधर भाजपा सूत्रों का दावा है कि कल रात केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों में से अधिकांश पर उम्मीदवार तय कर लिए गए हैं। कुछ सीटों पर अभी सहमति नहीं बनी है। अब 29 अगस्त को दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की फिर से बैठक होगी । जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों के लिए 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच 3 चरणों में मतदान होंगे। कल ही जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए दिल्ली में भाजपा चुनाव समिति की बैठक हुई थी।इसमें पीएम मोदी, गृह मंत्री शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने कैंडिडेट्स के नामों पर चर्चा की थी।

### हरियाणा में चेहरे पर कश्मकश

हरियाणा में भी कश्मीर के साथ चुनाव हैं। यहां भाजपा एंटी इनकंबेंसी से जूझ रही है। इसके संकेत मई महीने में हुए 10 लोकसभा सीट पर चुनाव से मिल रहे हैं। पार्टी चेहरे को आगे रखकर चुनाव लडने पर भी दुविधा में है। हालांकि राह तो कांग्रेस की भी सहज नहीं है। कांग्रेस में हाईकमान ने टिकट बंटवारे की कमान अपने हाथ में ले रखी है। कांग्रेस हाईकमान ने अपने पर्यवेक्षक उतारे हैं। वहीं भाजपा ने भी सीट टू सीट मार्किंग से चुनाव जीतने की प्लानिंग कर ली है।

## मुकेश अम्बानी से मिलने सिरोंज से पैदल यात्रा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मनुष्य के मन में अजीबो गरीब इच्छाएं जन्म लेती है कुछ अपनी इच्छाएं लेकर उन्हें पूरी करे बगैर मर जाते तो कुछ अपनी इच्छाओं की पूर्ति करने के लिये कुछ भी करते है इसी प्रकार का मामला ग्राम हारुखेड़ी मूडरा सिरोंज में सामने आया है। यहां से महेश कोटवार और सिरिया सिंह नामक युवक उद्योगपति मुकेश अम्बानी से मिलने पैदल मुम्बई रवाना हो गए हैं।




## अब प्लास्टिक के नोट बनाएगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का केंद्रीय बैंक नया प्रयोग करते हुए एक नए पॉलीमर प्लास्टिक मुद्रा बैंक नोट लाने की तैयारी में है। केंद्रीय बैंक इसके साथ ही बेहतर सुरक्षा और होलोग्राम सुविधाओं के लिए सभी मौजूदा बैंक नोटों को फिर से डिजाइन करेगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद ने कहा है कि दिसंबर तक सभी मौजूदा कागजी मुद्रा नोटों को नई सुरक्षा विशेषताओं के साथ फिर से डिजाइन किया जा रहा है।

## बरसात :कई राज्यों में दुर्घटनाएं, बाढ़ के हालात

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

कई राज्यों में भारी बरसात के चलते हालात बिगड़ रहे हैं और दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। गुजरात के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गये हैं। मोरबी में तेज बारिश के कारण एक रपटे पर से गुजर रही टैक्टर-ट्रॉली नदी में जा गिरी। इसमें 17 लोग सवार थे। सभी बह गए। दस लोगों को बचा लिया गया है। इधर मप्र के रायसेन में नदी पार कर रहे 3 युवक बह गए। राजगढ़ में भी 2 लोग बहे। धार की चिड़ी नदी में एक बच्चा बह गया। गुना में 8 लोग घोड़ापछाड़ नदी के बीच में फंसे। हालांकि, सभी का रेस्क्यू कर लिया गया। खरगोन के करही थाना क्षेत्र के देवपिपल्या गांव में नाला पार कर रहा युवक फंस गया

### मध्यप्रदेश में इंदिरासागर बांध के 12 गेट खोले



मध्यप्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम आज सोमवार को भी एक्टिव रहेगा। मालवा-निमाड़ के जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इंदिरा सागर परियोजना के 12 गेट खोले गए हैं। भोपाल के भदभदा डैम का एक और कलियासोत डैम के 2 गेट खोले गए। आज बड़वानी, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, मंदसौर, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, मऊगंज, सीधी, पन्ना और छतरपुर में भारी बारिश का अलर्ट है।

## कांग्रेस सांसद चव्हाण का निधन

**नांदेड , एजेंसी।**

महाराष्ट्र के नांदेड़ से लोकसभा सांसद बसंतराव चव्हाण का आज निधन हो गया। उनका हैदराबाद के अस्पताल में इलाज चल रहा था। वह लंबी बीमारी से जूझ रहे थे। खबरों के मुताबिक चव्हाण ( 69 ) ने सुबह करीब 4 बजे अस्पताल में अंतिम सांस ली।उनका किडनी संबंधी समस्याओं का इलाज चल रहा था। कांग्रेस के दिग्गज नेता ने इस साल खराब स्वास्थ्य और कई नेताओं के पार्टी छोड़ने के बावजूद नांदेड़ लोकसभा सीट जीती थी। इनमें पार्टी से किनारा करने वालों में पूर्व सीएम अशोक चव्हाण भी शामिल थे, वे चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे। मगर बसंतराव डटे रहे और उन्होंने भाजपा सांसद को करीब साठ हजार मतों से हराया था।



## शिवराज के काफिले को ग्रामीणों ने रोका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के काफिले को भीड़ ने कल शाम रोक लिया, इसके बाद चौहान को कार से नीचे उतरना पड़ा। वह महाराष्ट्र में हुए लखपति दीदी कार्यक्रम से लौटे रहे थे। तभी उन्हें रेतघाट क्षेत्र में यह 'घटना' हुई। रोकने वाले लोग उनके ही समर्थक थे जो जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। उन्हें भनक थी, कि चौहान इसी मार्ग से गुजरेंगे। यहां चौहान ने मामा टी स्टॉल पर चाय पी, और पान भी खाया। जब दुकानदार ने पैसे लेने से मना कर दिया तो काफी देर तक दोनों एक दूसरे को मनाते रहे। दुकानदार का कहना था कि बस हम जैसे लोगों का ध्यान रखिए। जबकि शिवराज नहीं माने और उन्होंने 100 रुपये का नोट दे दिया। भीड़ से आवाज आई, आपको हमेशा याद करते हैं, चौहान ने जवाब दिया, मैं भी आपको याद करता हूं।



**मेट्रो एंकर**

# पॉलीग्राफ ने उगला मेडिकल कॉलेज की उस रात का सच!

**ब्रेकथ्रू की उम्मीद में सीबीआई:** हालांकि, कुछ सवालों के दौरान आरोपी के पसीने छूटे और उसकी दिल की धडकन व नब्ज के सामान्य पैटर्न में असामान्य बदलाव देखा गया। इससे सीबीआई को उम्मीद है कि केस में जल्द ही कुछ बड़ा ब्रेकथ्रू मिल सकता है, क्योंकि यह संकेत हो सकता है कि आरोपी कुछ छिपा रहा है। उल्लेखनीय है पालीग्राफ टेस्ट को पुख्ता सबूत के तौर पर मान्यता नहीं है लेकिन इससे जांच एजेंसी कडिया जोड पाती है।

**कोलकाता , एजेंसी।**


पश्चिम बंगाल की राजधानी में नौ अगस्त की रात मेडिकल अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर का रेप कर उसकी हत्या मामले में सीबीआई ने अब तक सात लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट करा लिया है। इनमें मुख्य आरोपी संजय रॉय भी है। खबरें हैं कि उसने पॉलीग्राफ टेस्ट में वारदात को अंजाम देने की बात कबूली है। एक मीडिया संस्थान ने पॉलीग्राफ टेस्ट की पूरी डिटेल होने का दावा किया है, इसमें रॉय ने बताया है कि नौ अगस्त को वह शहर के अलग-अलग रेड लाइट एरिया गया था। लेकिन उसने यौन संबंध नहीं बनाए थे। वह आठ-नौ अगस्त की रात को अपने दोस्त सौरभ के साथ बाइक से आरजी कर अस्पताल पहुंचा था। अस्पताल में संजय के दोस्त सौरभ का भाई भर्ती था। उसी का हालचाल जानने दोनों अस्पताल गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक रात 11.15 बजे वह और सौरभ दोनों अस्पताल से निकलकर शराब पीने का प्लान बनाते हैं। अस्पताल से तकरीबन एक किलोमीटर दूर दोनों शराब खरीदकर सड़क पर ही पीते हैं। फिर दोनों तय करते हैं कि वो कोलकाता के रेड लाइड एरिया सोनागाछी जाएंगे। वहां जाकर जब बात नहीं बनती तो दोनों चेतला जाने का फैसला करते हैं। सौरभ वहां पैसे देकर यौन संबंध बनाता है और संजय रॉय बाहर खड़ा होकर अपनी गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात करता है। वह अपनी गर्लफ्रेंड को न्यूड फोटो भेजने को बोलता है। इसके बाद रात 3.30 से 3.40 के बीच संजय रॉय अस्पताल पहुंचता है। वह चौथी मंजिल पर ट्रॉमा सेंटर के ऑपरेशन थियेटर में किसी चीज की तलाश में जाता है। चौथी मंजिल से संजय तीसरे फ्लोर पर 4.03 बजे पर सेमिनार हॉल के पास कॉरिडोर में जाता दिखाई देता है। उसके गले में ब्लूटूथ लटका हुआ है। रॉय बताता है कि वह अस्पताल के सेमिनार हॉल में जाता है. वहां पीड़िता सो रही थी, वह सीधे उसका मुंह और गला दबा देता है। पीड़िता थोड़ा छटपटाती है और फिर बेहोश हो जाती है। इस बीच उसका रेप करता है और उसकी हत्या कर वहां से निकल जाता है। उसका ब्लूटूथ क्राइम सीन पर छूट जाता है। रॉय कोलकाता पुलिस की चौथी बटालियन में अनुपम दत्ता के घर जाता है और सो जाता है।




## रूस पर 9/11 जैसा हमला

**मास्को, एजेंसी।**

आज यूक्रेन ने रूस पर बड़ा ड्रोन हमला कर दिया है। एंगेल्स एयरबेस के पास बिल्डिंग में 9/11 की तर्ज पर ड्रोन दागे गए। इससे आसपास की इमारतों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, यूरोपीय मीडिया का कहना है कि ये ड्रोन अटैक नहीं, बल्कि ड्रोन क्रैश है, यानी ये बिल्डिंग से ड्रोन टकराने की घटना है। इस हमले के बाद फिलहाल रूस की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यूक्रेन ने पिछले सप्ताह भी रूस पर हमला किया था। इस दौरान यूक्रेन ने 45 ड्रोन दागे थे। हालांकि रूस ने दावा किया था कि उसने सभी ड्रोन को नष्ट कर दिया था।



**पाकिस्तान में 23 को गोलियों से भूना:** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में हथियारबंद लोगों ने सोमवार को बसों को निशाना बनाया और 23 यात्रियों को गोलियों से भून डाला। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि हथियारों से लैस लोगों ने यात्रियों को बसों से उतारकर उनकी पहचान पूछी। फिर कम से कम 23 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।



होटल रेडिसन में राजपूताना क्लब द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया

## कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव





गौतम नगर शिव मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया।

# केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम का-शिक्षक संगठनों ने किया स्वागत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू होने के बाद इसका शिक्षक संगठनों ने स्वागत किया है। उल्लेखनीय की कर्मचारी जगत में विगत अनेक वर्षों से ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू करने की मांग कर्मचारी संगठनों द्वारा लगातार की जा रही थी। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ लगातार इस मांग को उठाता रहा है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश शासन के अन्य मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वह भी मध्य प्रदेश में इस योजना को शीघ्र लागू करें ताकि सबसे ज्यादा पीि?त शिक्षक संवर्ग को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि यूपीएस की प्रमुख विशेषता यह है कि अब रिटायरमेंट के अंतिम 10 माह की गणना करके न्यूनतम 50 प्रतिशत पेंशन दी जाएगी। कर्मचारी की न्यूनतम सेवा अवधि 25 वर्ष होना चाहिए। कर्मचारी की मृत्यु होने पर 60 प्रतिशत पेंशन के रूप में परिवार को मिलेगी। 10 साल से काम सर्विस होने पर भी न्यूनतम 10 हजार रुपए महीना पेंशन मिलेगी जिस पर महंगाई भी मिलेगी साथ ही 6 माह का विशेष सैलरी भत्ताभी दिया जाएगा। वहीं शासकीय शिक्षक संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कौशल का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह स्कीम न्यूनतम पेंशन स्कीम (एनपीएस) से ठीक लग रही है, पर नियम बनने के बाद वास्तविक स्थिति पता चलेगी। वे कहते हैं कि प्रदेश के 4.59 लाख कर्मचारी न्यूनतम पेंशन स्कीम के दायरे में आते हैं, जो पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। उनके लिए यह एक विकल्प हो सकता है।

# क्रेडाई टीम ने बैटन एक्सचेंज के साथ पदभार संभाला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



गत दिवस क्रेडाई सिल्वर जुबली वर्ष एक महत्वपूर्ण नवाचार का गवाह बना। जब संगठन की नई कार्यकारी समिति ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भोपाल के रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रतिष्ठित सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व अध्यक्षों सुनील मूलचंदानी, अजय मोहनगांवकर, वासिक हुसैन, और नितिन अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में ÷बैटन एक्सचेंज÷ के माध्यम से नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज मीक सहित नए नेतृत्व को पदभार सौंपा गया। मीक ने भोपाल प्रेम में अपनी लाइनें पढ़ते हुए कहा कि ÷हुबहू आपकी फितरत का अक्स हूँ मैं, भोपाल-ए-ख़ास का दीवाना शख्स हूँ मैं।.÷उन्होंने संगठन के भावी लक्ष्यों और योजनाओं को साझा किया। भोपाल की खूबियों को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने पर जोर दिया, राजधानी के समग्र विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने सरकार, उद्योग-व्यापार संघों और सिविल सोसाइटी के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान, नॉलेज शेयरिंग सेशन में अनुभवी डेवलपर्स सुधीर अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, और अजय मोहगाँवकर व्यापार की बारीकियाँ साझा कीं। युवा डेवलपर नमन अग्रवाल ने रियल स्टेट में मार्डन टूल्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इन सत्रों ने उपस्थित सदस्यों को नए दृष्टिकोण और विचारों से समृद्ध किया

## मंगला मिश्र को पितृशोक

**भोपाल।** जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक रहे मंगला मिश्रा के पिता रामलोटन मिश्र का आज सुबह यहां चिरायु अस्पताल में निधन हो गया। वे करीब 90 वर्ष के थे और काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी पार्थिव देह लेकर परिजन आज भोपाल से प्रयागराज के समीप पैतृक गांव रवाना हो गए हैं। कल स्व. मिश्र का अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया जाएगा।

## मप्र में लागू की जाए यूपीएस पेंशन योजना

**भोपाल।** केंद्रीय कर्मचारियों के लिए लागू की गई यूपीएस पेंशन योजना अब मध्य प्रदेश के 7. 50 लाख कर्मचारी के लिए भी लागू की जाए यह मांग मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की है तथा यूपीएस पेंशन योजना को कर्मचारी हितैषी बताया है। प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि यूपीएस पेंशन योजना इसलिए कर्मचारी हितैषी है क्यों कि इसमें कर्मचारियों के वेतन से कोई भी अंशदान पेंशन के लिए नहीं काटा जाएगा बल्कि सरकार बेसिक सैलरी 18.5 प्रतिशत अंशदान अपने खाते से पेंशन में जमा करेगी।

# बारिश का बोनस बरस रहा, राजधानी में सड़कों पर चल रही नाव

## मौसम में बारिश का कोटा हुआ फुल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बीते दो दिन से तेज बारिश से शहर के सभी बांध और तालाब छलक उठे हैं। आज भी सुबह से रिमझिम का दौर है। इससे मौसम सुहावना हो गया है और उमस भी गायब है लेकिन दूसरा तस्वीर लोगों की परेशानी की भी है। इस बारिश से लोगों की मुश्किलें भी खड़ी हो गई हैं। तेज बारिश होने से खेजड़ा बरामद इलाके में कल सड़कों पर बोट चलानी पड़ी। यहां करीब 50 घरों के आसपास 2 फीट तक पानी भर गया। इससे लोग घरों में ही कैद हो गए। आज भी तेज बारिश होने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया जाएगा। इधर, केरवा डैम के पास पिकनिक मनाने पहुंचे युवकों की कार पानी में फंस गई। कार में बैठे चारों युवक सुरक्षित रहे।

उल्लेखनीय है कि अब तक भोपाल में सीजन की 106 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। भोपाल जिले में सामान्य बारिश से करीब ढाई इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। अब हो रही बारिश बोनस की है। हालांकि, शहर में 45 इंच पानी गिर चुका है। बारिश की वजह से रविवार को भोपाल के तीनों डैम- कलियासोत, केरवा और भदभदा के गेट खोल दिए गए। भोपाल के पास कोलार डैम में भी पानी तेजी से आ रहा है। संभवतः आज कोलार डैम के गेट भी खोले जा सकते हैं। डैम से पानी छो? जाने से जिला प्रशासन दामखेड़ा, समर्धा टोला जैसे निचले इलाकों पर नजर रख रहा है। समर्धा टोला में तो कुछ लोगों को शिफ्ट भी किया गया है।





### 10 साल में छठवीं बार

पिछले 10 साल में छह बार राजधानी में सबसे ज्यादा पानी गिरा है। इससे पहले, साल 2022 में 74 इंच बारिश हुई थी। भोपाल में अब तक करीब 40 इंच बारिश हो गई है। शनिवार की रात में 4 इंच से ज्यादा पानी गिरा था। भोपाल की सामान्य बारिश 37.6 इंच है। इस हिसाब से अबकी बार ढाई इंच पानी ज्यादा गिर गया है। भोपाल में 23 जून को मानसून एंटर हुआ था। जून, जुलाई और अगस्त में कोटे से ज्यादा पानी गिर गया। यही कारण है कि अगस्त के आखिरी दिनों में ही कोटा पूरा हो गया है। तेज बारिश की वजह से रविवार को कलियासोत के 6, भदभदा 3 और केरवा डैम के 4 गेट खुल गए।

# थदिड़ी : सिंधी घरों में नहीं जला चूल्हा, ठंडा खाना खाया गया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



संतनगर में सिंधी समाज के घरों में रविवार को चूल्हा नहीं जला। वजह सिंध से चली आ रही परंपरा थी। समाज की महिलाओं ने रविवार को थदि?ी का पर्व मनाया। समाज की महिलाओं ने शीतला माता की पूजा अर्चना कर दैहिक तापों ज्वर, संक्रमण तथा दुष्प्रभावों से मुक्ति की कामना की। शनिवार को बनाए पकवानों का शीतला माता को भोग लगाया और खुद भी खाया।

रविवार को सिंधी समाज की महिलाओं ने 'थदिड़ी' का पर्व सामूहिक रूप से मनाया। पंडितों के घर जाकर या सामूहिक रूप से शीतला माता की पूजा की। पुजारियों ने 'थदिड़ी' माता की पूजा की परंपरा के बार में बताया। महिलाओं ने बताया कि चेचक के प्रकोप से बचने के लिए शीतला माता की पूजा अर्चना का विधान है। शीतला माता की पूजा अर्चना कर। मीठी रोटी, नमकीन रोटी, दाल पकवान पूरी पकोड़े दही बड़े दही से बने खट्टे चावल चने दूध का भोग लगाया।

### अक्टूबर में चार दिवसीय सांस्कृतिक गरबा महोत्सव

# सिंधी मेला समिति ने तय किए आगामी कार्यक्रम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



सिंधी मेला समिति द्वारा रविवार को कबीर कुटिया में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजित की गई, जिसमें आगामी होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में सिंधी मेला समिति के सदस्यों को, इन सभी कार्यक्रमों को भ०?य और आकर्षित बनाने के लिए दायित्व सौंपा गया। समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने इस बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली 1 सितंबर रविवार को कुकिंग कम्पटीशन में भाग लेने वाली महिलाओं के लिये पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मानस भवन में रखा गया है। उल्लेखनीय है इस प्रतियोगिता में लगभग 700 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया था, जिन्हें इस समारोह में पुरुस्कृत किया जाएगा। इसी के साथ 8 सितंबर को रविंद्र भवन के सभागार में प्रतिभा सम्मान एवं युवाओं के लिये टैलेंट शो का आयोजन किया जा रहा है, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश समाज की प्रतिभाओ को मंच उपलब्ध करवाने है। इसके अलावा समिति द्वारा दिनांक 15 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भोपाल के लगभग 9 सेंटरो पर सांस्कृतिक सिंधी गरबे के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, 4 अक्टूबर को ग्राउंड रियर्सल एवं 5, 6, 7 व 8 को मुख्य आयोजन सुंदरवन गार्डन में आयोजि किया जाएगा। संस्था के महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि इस वर्ष इस गरबा महोत्सव में विकास मेघानी संयोजक, सह संयोजक वासु गोलानी एवं सह संयोजिका श्रीमती वंदना डुलानी जी को नियुक्त किया गया है।

# केन्द्र और अन्य राज्यों के पात्र अभ्यर्थी भी बन सकेंगे मप्र में प्राथमिक शिक्षक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केन्द्र सरकार और अन्य राज्यों में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार ने अन्य राज्यों के पात्र अभ्यर्थियों के लिए प्रदेश में प्राथमिक शिक्षक बनने का रास्ता साफ कर दिया है। अब वह भी मध्यप्रदेश में प्राथमिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति पा सकेंगे।

दरअसल, जनजातीय कार्य विभाग की उपसचिव दिशा प्रणय नागवंशी ने आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि प्राथमिक शिक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण किए जाने का प्रावधान है। मप्र जनजातीय एवं अनुसूचित जाति शिक्षक संवर्ग के भर्ती नियमों में प्राथमिक शिक्षक के पद पर सीधी भर्ती हेतु निर्धारित प्रतिशत के साथ शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होने की अर्हता है, इसमें इस प्रकार का प्रतिबंध नहीं है कि राज्य की शिक्षक पात्रता परीक्षा ही उत्तीर्ण किया जाना आवश्यक है। स्कूल शिक्षा विभाग ने केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित सीटीईटी परीक्षा और अन्य राज्यों द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा एवं मप्र राज्य द्वारा वर्ष 2011-12 में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण को मान्य किया है।

**मेट्रो एंकर**

### गांधीनगर में चल समारोह, अमर कथा पाठ का समापन

# चालीहा के व्रतधारियों का सम्मान, 41 वें दिन भजन-कीर्तन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के प्राचीन मंदिर श्री झूलेलाल मंदिर बस स्टैंण्ड पर रविवार को चालीहा महोत्सव का समापन हुआ। 40 दिन तक उपवास रखने के पश्चात् 41वें दिन मंदिर में भजन, कीर्तन व बहिराणा साहिब की ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। कार्यक्रम के आरंभ में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष माधू चांदवानी, महासचिव अशोक मोतियानी ने बहिराणा साहिब की ज्योत प्रज्ज्वलित की व अखा डाला। इसके पश्चात् उपस्थित सभी धर्मप्रेमियो ने बहिराणा साहिब की पूजा अर्चना कर अखा डाला।

**चालीहा के विजेता पुरस्कृत:** चालीहा साहिब मंदिर परिसर में आज सभी व्रत धारी आरती में सम्मिलित हुए आरती के बाद उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चालीहा के दौरान हुई, प्रतियोगताओं के विजेता भावना विधानी, सीमा और सरिता अभिचंदानी को पुरस्कृत किया गया। समाजसेवी गुलाब जेठानी औरसिंधी महिला पंचायत अध्यक्ष किरण वाधवानी ने सभी व्रत धारियों को उपहार दिए।



## अमर कथा पाठ का समापन

16 जुलाई से शुरू हुए झूलेलाल चालीहा महोत्सव में साई मनीष लाल साहिब के आव्हान पर पुराना बी वार्ड संत हिरदाराम नगर स्थित झूलेलाल ठकुर आसानलाल मंदिर में भी 40 दिन सामूहिक अमर कथा का पाठ का आयोजन किया गया था, जिसका समापन महा आरती एवं भजन कीर्तन तथा सामूहिक अरदास पल्लव के साथ हुआ।

## गांधीनगर में चालीहा का समापन


गांधीनगर में सिन्धी समाज द्वारा झूलेलाल चालीहा साहिब पर्व का समापन धूमधाम से हुआ। पूज्य सिंधी पंचायत एवं झूलेलाल मार्केट व्यापारी संघ के सहयोग से जय झूलेलाल युवा समिति एवं जय झूलेलाल महिला समिति ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया। चालीहा समापन समारोह की शुरूआत सुबह महाआरती के साथ। दोपहर में भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को बहिराणा साहिब की जोत के साथ चल समारोह निकाला गया, जिसका समापन शीतलदास की बगिया में हुआ।

# सवा लाख शिवलिंग का अनुष्ठान पूरा, अभिषेक

**हिरदाराम नगर।** गौशाला बड़वाई चल रहे सप्त दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महामृत्युंजय सवा लाख का समापन हुआ। भगवान महाकाल सहस्त्र धाराओं द्वारा विद्वान ब्राह्मणों द्वारा रुद्री वेद पाठ से भगवान भोलेनाथ का दूध, दही, शहद, घृत द्वारा अभिषेक किया गया।



मुख्य यजमान अनिल कुमार गुप्ता ने भगवान भोलेनाथ का पूजन किया। कार्यक्रम के आचार्य पंडित राजेश शर्मा, पंडित रवि पटेरिया, पंडित मिथुन शर्मा, पंडित दीपक मिश्रा, पंडित अनीश मिश्रा, पंडित प्रदीप शर्मा ने विधि विधान से भगवान भोलेनाथ का पूजन कराया। पूजन के आरती, प्रसाद ब्राह्मण विदाई एवं भंडारे का आयोजन किया गया।


"हर बालक कृष्ण, हर माँ यशोदा"
श्रीकृष्ण पर्व
जन्माष्टमी
की शुभकामनाएं
भगवान श्रीकृष्ण के चरणकमल से
पवित्र हुए स्थानों को जोड़कर बनेगा
'श्रीकृष्ण पाथेय'
भगवान श्रीकृष्ण की शाश्वत शिक्षाओं के चार धाम
नारायणा गांव (उज्जैन) | सुदामा से मित्रता कर यह संदेश दिया कि मित्रता में अमीर-गरीब का अंतर नहीं होता।
सांदीपनि आश्रम (उज्जैन) | ऋषि सांदीपनि आश्रम में 64 कलाओं एवं 14 विद्याओं की गहन शिक्षा ली।
जानापाव (इंदौर) | विनम्रता और श्रद्धा से परशुराम जी से सुदर्शन चक्र प्राप्त किया।
अमझेरा (धार) | वीरता के बल पर रुकमणी का वरण किया।
सांस्कृतिक परंपराओं को समृद्धि एवं धार्मिक पर्यटन को नये आयाम देता
मध्यप्रदेश
D-11053/24
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़ने के लिए स्कैन करें।
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश शासन

## संपादकीय

# यूक्रेन... यात्रा के बाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के बाद स्वाभाविक तौर पर अब दुनियाभर की निगाहें रूस व यूक्रेन के बीच दो साल से जारी युध्द पर रहेगी। भारतीय पीएम का यह कदम वैश्विक संदर्भों में काफी साहसभरा भी कहा जा सकता है। खुद उत्साहित मोदी ने यात्रा के पहले कहा था कि वे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने को लेकर उत्सुक हैं। जेलेंस्की ने बहुत गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और वहां युद्ध की स्थितियों से उन्हें अवगत कराया। दोनों नेताओं के बीच बातचीत मुख्य रूप से युद्ध रोकने के उपाय तलाशने पर ही केंद्रित रही। यूक्रेन ने इच्छा जताई कि भारत शांति समझौते में सदा साथ रहे। हालांकि इस दौरान दोनों देशों ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए। इन समझौतों से कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता के क्षेत्र में सहयोग सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा पर इसलिए भी दुनिया की निगाहें बनी हुई थीं कि शुरू से रेखांकित किया जा रहा है कि भारत ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग रुकवा सकता है। हालांकि भारत शुरू से ही दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत कर युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील करता रहा है। यूक्रेन रवाना होने से पहले भी प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह दौर युद्ध का नहीं है, युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं निकल सकता। यूक्रेन से पहले प्रधानमंत्री रूस भी गए थे। तब जेलेंस्की ने काफी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को दुनिया का सबसे बड़ा अपराधी बताते हुए उनसे भारतीय प्रधानमंत्री के गले मिलने की आलोचना की थी। मगर अब वे भारत के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने को लेकर उत्साहित नजर आए हैं तो यह भारत की पहल व संयम का ही नतीजा है। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब यूक्रेन ने रूसी इलाकों में हमले तेज कर दिए हैं। इसे देखते हुए कहना मुश्किल है कि प्रधानमंत्री की अपीलों का यूक्रेन या फिर रूस पर कितना असर पड़ेगा। पहले भी कई मौकों पर प्रधानमंत्री पुतिन से फोन पर बातचीत करके या फिर आमने-सामने यूक्रेन पर हमले बंद करने की अपील कर चुके हैं। पिछले दिनों रूस जाकर भी उन्होंने पुतिन से यही अपील की थी। मगर अभी तक ऐसा कोई मौका नजर नहीं आया, जब रूस ने भारत की अपील पर संजीदगी दिखाई हो। शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान आमने-सामने बातचीत के बाद लगा था कि पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से लिया है, मगर वहां से लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। यूक्रेन में बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए हैं, उसकी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन का वाणिज्य और व्यापार बाधित हुआ है। वह चाहता तो है कि युद्ध विराम पर समझौता हो, मगर वह रूस की शर्तें मानने को तैयार नहीं है। रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता त्याग दे। ऐसे में बातचीत की मेज पर बैठने की सूरत बने भी तो कैसे, यही सबसे कठिन सवाल है। भारत के लिए भी बातचीत का रास्ता निकालना आसान नहीं है। मगर प्रधानमंत्री की दोनों देशों की बारी-बारी से यात्रा और युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील से विश्वबंधुता का रास्ता तो बना ही है। अब यही उम्मीदें हैं कि रूस और यूक्रेन थोड़ा लचीला रुख अपनाएं।

जिस व्यक्ति ने अपने मन पर काबू पा लिया वह मन में पैदा होने वाली बेकार की चिंताओं और इच्छाओं से भी दूर रहता है।

– गीता उपदेश

## आज का इतिहास

- 1604: अमृतसर स्थित हरमंदिर साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब की स्थापना की गई।
- 1781: हैदर अली ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा।
- 1859: देश के महान उद्योगपति दोराबजी टाटा का जन्म हुआ। उन्होंने ही टाटा स्टील की नींव रखी थी।
- 1870: श्रमजीवी संघ की स्थापना। यह भारत का पहला मजदूर संगठन था।
- 1907: सदी के महानतम क्रिकेटर सर डॉन जॉर्ज ब्रैडमैन का जन्म।
- 1939: जेट इंजन वाले विश्व के पहले विमान ने जर्मनी से पहली उड़ान भरी।
- 1963: खाकसार आंदोलन के जनक और पाकिस्तान के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले व्यक्ति इनायतुल्लाह ख़ान मशरिक़ी का निधन हुआ।
- 1972: भारतीय प्रोफेशनल रेसलर और लिफ्टर दलीप सिंह राणा का जन्म। वह ग्रेट खली के नाम से प्रसिद्ध हैं।
- 1976: भारतीय सशस्त्र सेना की प्रथम महिला जनरल मेजर जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक नियुक्त हुईं।
- 1976: महान गायक मुकेश का निधन हुआ।
- 1979: लॉर्ड माउंटबेटन का निधन हुआ। वह भारत के अंतिम वायसराय थे।
- 1982: आनंदमयी मां का निधन। वह एक महान समाजसेवी के साथ-साथ आध्यात्मिक गुरुमां थीं।
- 1985: नाइजीरिया में सैनिक क्रांति में मेजर जनरल मुहम्मद बुहारी की सरका का तख्ता पलटा, जनरल इब्राहिम बाबनगिदा नये सैनिक शासक बने।

## निशाना

### सेंकते हम रोटी !



- कृष्णेन्द्र राय

छोटी छोटी घटना पर।
सेंकते हम रोटी।।
करनी राजनीति है।
बात नहीं ये छोटी।।
कोशिश लगातार है।
टूट न जाए क्रम।।
रहना हमको ज़िंदा।
ना इसमें हो भ्रम।।
होंगे लाख जलील पर।
ना लाना बदलाव।।
जनता ने ठुकरा कर।
दिया बराबर घाव।।
मुद्दों की हम ख़ोज में।
है लाना हर हाल।।
भले लाख हम पर।
उठते हों सवाल।।

# अगर हमें 'विश्व मित्र' बनना है तो... बदलना होगा पड़ोसियों से अपना व्यवहार

■ रामचंद्र गुहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले और दूसरे कार्यकाल में सरकार के समर्थकों ने यह दावा किया कि भारत विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ रहा है। बार-बार कहा गया कि हमारी सभ्यतागत गहराई, समृद्ध दार्शनिक परंपराएं और विशिष्ट आध्यात्मिक प्रथाओं ने हमें संस्कृति के मामले में हमेशा अग्रणी रखा है। अब भारत आर्थिक और तकनीकी तौर पर सफल है। वैश्विक नेतृत्व भी इससे पूरी तरह आश्वस्त है। इस दावे को व्यक्ति केंद्रित रखा गया और कहा गया कि सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि नरेंद्र मोदी विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं। इसलिए विदेश में जी-20 बैठकों की मॉर्फ्ड तस्वीरें सामने आईं, जिनमें हमारे प्रधानमंत्री को एक भव्य इमारत की सीढ़ियों से उतरते हुए देखा गया, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति, फ्रांसीसी राष्ट्रपति, ब्रिटिश प्रधानमंत्री आदि चुपचाप उनके पीछे चल रहे थे। इस तरह के प्रचार का कुछ हद तक असर भी हुआ। वर्ष 2023 में भारत द्वारा जी-20 की बारी-बारी से अध्यक्षता संभालने के बाद मेरे एक मित्र ने दिल्ली मेट्रो में किसी को यह कहते हुए सुना, ÷आपको पता है कि मोदी जी केवल हमारे देश के नहीं, बीस देशों के प्रधानमंत्री हैं! उसी समय एक बदलाव पार्टी के प्रचार की दुनिया में उभरकर सामने आया। कहा जाने लगा कि भारत विश्व मित्र है। यह मोदी शासन की महत्वाकांक्षाओं का स्पष्ट रूप से अवमूल्यन था। भारत अभी दुनिया को सिखाने की स्थिति में नहीं था, फिर भी वह दुनिया के हर देश से दोस्ती करने की अनोखी स्थिति में था। अपनी बड़ाई खुद करने की यह स्थिति भारतीय राजनीति में क्यों आई, इसके बारे में अटकलें ही लगाई जा सकती हैं। क्या ऐसा इसलिए हुआ कि दिल्ली मेट्रो में बैठे भक्तों के विपरीत शासन के प्रचारकों को पता था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता बहुत अस्थायी है और बहुत जल्द समाप्त हो जाएगी? या हमारी अर्थव्यवस्था लोगों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी? या फिर हमारी सीमा पर चीनी घुसपैठ और प्रधानमंत्री की उसके बारे में बोलने की अनिच्छा ने वैश्विक नेतृत्व के हमारे दावों को खोखला बना दिया? तथ्य यह है कि विमर्श में एक स्पष्ट बदलाव आया था। सत्ता पक्ष के शांत और यथार्थवादी समूहों में 'विश्व मित्र' शब्द का उपयोग पहले से कहीं अधिक बार किया जा रहा था।



हालांकि बांग्लादेश संकट के मद्देनजर इस हल्के, कम गंभीर अहंकार को भी त्यागने का समय आ गया है। ऐसा लगता है कि हमारे निकटतम पड़ोसी देशों के नागरिक भारत को एक विश्वसनीय या भरोसेमंद मित्र नहीं मानते हैं। कई बांग्लादेशी भारतीय इरादों को लेकर आशंकित हैं, जिसका मुख्य कारण मोदी शासन द्वारा शेख हसीना के निरंकुश तरीकों का उत्साहपूर्ण समर्थन है। पिछली जनवरी में जब शेख हसीना ने दोबारा हुए चुनाव में धांधली से जीत हासिल की थी, तब भी भारतीय चुनाव आयोग ने बांग्लादेशी चुनाव आयोग की तारीफ की थी। श्रीलंका और नेपाल में भी यह भावना साफ तौर पर मौजूद है कि भारत का व्यवहार पड़ोसी देशों के प्रति अहंकार पूर्ण है। इन तीनों देशों के नागरिकों द्वारा दिए गए एक संयुक्त बयान में यह कहा गया कि ÷भारत सरकार को हमारी राजनीति में दखल नहीं देना चाहिए। कई सालों से कोलंबो, ढाका और काठमांडू में नई दिल्ली के राजनीतिक, नौकरशाही और खुफिया तंत्र के दखल ने एक अंतहीन राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ाया है और निरंकुश शासन को बढ़ावा दिया है।÷ इन आरोपों को एक खास अहमियत दी जाती है। इसलिए बांग्लादेश के इन लेखकों के बयान कि पिछले दशक में शेख हसीना के निरंकुश शासन को बढ़ावा देने में नई दिल्ली ने सक्रिय भूमिका निभाई और उसके बदले में कई तरह की राजनीतिक और आर्थिक रियायत प्राप्त कीं। श्रीलंका के बारे में वे कहते हैं, ÷आईपीकेएफ के समय से पहले और उसके बाद से श्रीलंका को अपनी राजनीति में नई दिल्ली के अतिक्रमण से बार-बार जूझना पड़ा है। इसके अलावा नई दिल्ली के अधिकारी सक्रिय रूप से भारतीय व्यापार समूहों को द्वीप पर व्यापार के लिए प्रेरित कर रहे हैं।÷ नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका के बुद्धिजीवियों का ऐसा विचार है कि भारत ने हमेशा से एक दबंग बड़े भाई का किरदार निभाया है। 19वीं सदी में मेक्सिको के राष्ट्रपति ने कहा था, 'मेक्सिको ईश्वर से जितना दूर है, अमेरिका के उतना ही करीब है।'

ऐसा नहीं है कि भारत के इरादे अभी ऐसे हो गए हैं। यह पहले से ही रहे हैं, जब राजीव गांधी ने भारतीय शांति सेना को श्रीलंका में भेजा था। उन्होंने नरेंद्र मोदी से पहले नेपाल पर नाकाबंदी लगा दी थी। सही मायनों में वह हमारे पहले प्रधानमंत्री ही रहे होंगे, जो विदेश मंत्री भी थे। उन्होंने ही इस संबंध में दिशा तय की होगी। जवाहरलाल नेहरू के साथ काम कर चुके राजनयिक जगत मेहता ने एक बार कहा था, ÷नेहरू इस बात को पूरी तरह से समझ नहीं पाए या विदेश मंत्रालय ने उन्हें सही सलाह नहीं दी कि 20वीं सदी में अपने असमान पड़ोसियों के साथ कूटनीति स्थापित करना कितना मुश्किल हो सकता है?÷ कम्युनिस्ट चीन ने मैकमोहन रेखा को कभी नहीं माना। उसका कहना है कि उससे हस्ताक्षर दबाव में कराए गए थे। उस समय वह पश्चिमी साम्राज्य के अधीन था। 1962 में चीन के आक्रमण ने भारतीयों के मन पर एक गहरा घाव दिया है। उसी तरह पाकिस्तान ने न सिर्फ जम्मू-कश्मीर, बल्कि देश के कई हिस्सों में आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। ऐसे में उसके साथ मेल-मिलाप से मुश्किलें बढ़ती हैं। हालांकि छोटे पड़ोसी देशों के साथ इस तरह की समस्या नहीं है। इसके विपरीत कई ऐसे कारक हैं, जो देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। मसलन, भारत और नेपाल के बीच खुली सीमा है और कई सांस्कृतिक समानताएं हैं। भारत ने बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजाद होने में मदद की। भारत और श्रीलंका का औपनिवेशिक इतिहास एक ही रहा है। ऐसे में अगर भारत और इन तीनों देशों के बीच संबंध कभी भी सहज नहीं रहे हैं तो यह बड़े और शक्तिशाली राष्ट्र की ओर से आत्मनिरीक्षण की मांग करता है।

साल 2007-08 में जब हमारी अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी थी, तब भारत के 'सुपर पावर' बनने की बातें बहुत की जाती थीं। इस तरह के दावे समय से पहले थे। दुनिया पर वर्चस्व बनाने वाली सोच की जगह अपनी सामाजिक और राजनीतिक गलतियों में सुधार करना अधिक बुद्धिमानी थी। मनमोहन सिंह के दूसरे कार्यकाल में भारत को वैश्विक स्तर पर महान बनाने की बात कम हो गई। हालांकि नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में यह बात फिर से उभरी और स्वदेशी के लेबल के तहत उसकी ब्रांडिंग की गई।

हमारा देश जिस तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है, उनमें संस्थाओं का नष्ट होना, बढ़ती असमानता, भ्रष्टाचार तथा भाई-भतीजावाद के अलावा पर्यावरणीय गिरावट शामिल हैं। ऐसे में भारत के विश्व गुरु बनने की बात का कोई मतलब नहीं है। हां, विश्व मित्र बनने वाली बात में दम लगता है। अगर भारत दुनिया के सभी देशों का दोस्त बनकर रहना चाहता है तो उसे अपने पड़ोसियों के साथ व्यवहार में बदलाव लाना होगा, खासतौर पर बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका के साथ। इन देशों के साथ अच्छे संबंध बनाने के लिए हमें न सिर्फ उनके नेताओं, बल्कि नागरिकों के प्रति भी आदर और विश्वास का भाव दिखाना होगा।

-साभार- यह लेखक के अपने विचार हैं

# तंत्र की अदूरदर्शी नीतियों से बाधित शोधकार्य

■ दिनेश सी शर्मा

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (दिल्ली) (आईआईटी) और कुछ अन्य शीर्ष रैंकिंग प्राप्त अनुसंधान एवं शैक्षणिक संस्थानों को पिछले पांच वर्षों में मिली अनुसंधान राशि पर जीएसटी कर चुकाने का नोटिस मिला है। बताया गया है कि ब्याज और जुर्माने सहित अकेले आईआईटीडी की रकम 120 करोड़ रुपये बनती है। हालांकि, अकादमिक एवं वैज्ञानिक समुदाय ने इस मुद्दे पर खुलकर प्रतिक्रिया देने से गुरेज किया है, लेकिन उद्यमी और निवेशक टीवी मोहनदास पई ने इसको 'कर आतंकवाद का सबसे बुरा रूप' करार दिया है। ठीक एक महीने पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में लैब केमिकल्स पर सीमा शुल्क 10 फीसदी से बढ़ाकर 150 फीसदी कर दिया था। उच्च शुद्धता वाले एंजाइम, अभिकर्मक (रीजेंट्स) और रसायन अनुसंधान के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और इन्हें आमतौर पर आयात करना पड़ता है। इस विचित्र कदम ने वैज्ञानिक समुदाय को सकते में डाल दिया क्योंकि इससे वर्तमान और भविष्य की परियोजनाओं की लागत रातो-रात बढ़ जाती है। हालांकि, मीडिया और सोशल मीडिया पर वैज्ञानिकों की नाराजगी की प्रतिक्रिया में यह भारी बढ़ोतरी वापस ले ली गई।

ये घटनाएं अलग-अलग नहीं हैं, जिन्हें नौकरशाही का अनाड़ीपन ठहराकर रफा-दफा किया जाए बल्कि ऐसी हरकतें जनता के पैसे से चल रहे अनुसंधान एवं उच्च शिक्षा को कमज़ोर करने वाली नीति का हिस्सा प्रतीत होती हैं। अनुसंधान फंडिंग पर यह टैक्स नोटिस, तकनीकी उपकरणों पर जीएसटी दर को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 फीसदी किए जाने के कुछ साल बाद आया है। इससे वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपकरण, अन्य मशीनें, सहायक औजार और उपभोग्य सामग्री की खरीद काफी महंगी बन गई।वैज्ञानिक अनुसंधान पर संभावित प्रभावों से चिंतित, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय ने सरकार को एक प्रपत्र भेजा है, जिसमें कहा गया - 'हो सकता है कि निजी संगठन टैक्स की दर में हुए परिवर्तन के प्रभावों को धीरे-धीरे पचा भी लें किंतु सार्वजनिक धन से चल रहे संस्थानों के लिए गुंजाइश कम है।' इस पर, वित्त मंत्रालय ने जीएसटी वृद्धि के वास्तविक प्रभाव को कम करने के वास्ते अतिरिक्त धन आवंटन का वादा करके लीपापोती और पीएसए को शांत करने का प्रयत्न किया। तथापि, सरकार ने स्थितियों में बदलाव के लिए कुछ नहीं किया, जैसा कि हालिया जीएसटी नोटिस और प्रयोगशाला रसायनों पर सीमा शुल्क वृद्धि (अब वापस ले ली गई) जैसे कृत्यों से जाहिर होता है।

अनुसंधान एवं नवाचार ऐसे वातावरण में पल्लवित हो सकते हैं जहां सरकार अनुसंधान के वास्ते पर्याप्त धन दे, संयुक्त उपक्रम को प्रोत्साहित और पोषित करे, अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के वास्ते उपयुक्त पारिस्थितिकी युक्त तंत्र (विनियमन, कराधान इत्यादि) का निर्माण करे। इन तमाम मोर्चों पर भारत का प्रदर्शन



ख़राब रहा है।अनुसंधान एवं विकास मद में भारत सरकार की फंडिंग बहुत कम है- सकल घरेलू उत्पाद के 1 प्रतिशत से भी कम। बहुप्रचारित 'अम्ब्रेला रिसर्च फंडिंग एजेंसी' कही जाने वाली 'अनुसंधान राष्ट्रीय खोज फाउंडेशन' (एएनआरएफ), पिछले पांच वर्षों से निर्माणाधीन ही है। बजट भाषणों में सरकार ने नई एजेंसी के लिए पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये 'धन मंजूर करने' का हवाला देते हुए बार-बार दावा किया है कि उसने अनुसंधान एवं विकास के लिए उपलब्ध धन में काफी वृद्धि की है। 'धन मंजूर करना' जुमला भर है क्योंकि इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि सरकारी फंडिंग का अंश केवल 30 प्रतिशत होगा और शेष 70 फीसदी निजी क्षेत्र को अपने तौर पर जुटाना होगा। यदि ऐसा है, तब भारत सरकार का योगदान 3,000 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष से कम बैठता है जो कि विज्ञान क्षेत्र से संबंधित विभागों के मौजूदा बजट से काफी कम है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय को 2024-25 के लिए 16,628 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। एएनआरएफ की स्थापना अनुसंधान एवं विकास का बोझ निजी क्षेत्र पर स्थानांतरित करने का एक स्पष्ट कदम है, लेकिन ऊपरी तौर यह दिखाई नहीं देता।

फंड की कमी के साथ-साथ वैज्ञानिक बिरादरी को लाल फीताशाही का सामना करना पड़ता है, जिसमें शोधकर्ताओं को फंड प्राप्ति, कराधान संबंधी जरूरी प्रक्रिया से निपटना, छात्रवृत्ति और फेलोशिप भत्ते के वितरण में देरी और 'मेक इन इंडिया' नियमावली के अनुसार उपकरणों की खरीद जैसी अनिवार्य शर्तों को पूरा करने में जूझना पड़ता है। इस बारे में आईआईटी-कानपुर के एक वैज्ञानिक ने एक्स नामक सोशल मीडिया पर कमेंट किया, 'यदि आपका सारा समय अन्य कार्यों में खपने वाला है तब आप अनुसंधान पर ध्यान कैसे केंद्रित कर पाएंगे?' फिर अनुसंधान को प्रभावित करने वाले अन्य कारक भी हैं, मसलन, ऐसे वक्त में जब महत्वपूर्ण क्षेत्र में अनुसंधान मिलकर किया जा रहा हो, वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के वास्ते फंड पर अंकुश लगा दिया गया है।

पिछले साल, फाउंडेशन फॉर एडवांसिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एफएएसटी) ने 'ईज ऑफ डूइंग साइंस (ईओडीएस)' -जो कि 2015 में दिए अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गढ़ा गया नामकरण हैङ्क इसके स्तर को मापने के लिए 10 शीर्ष रैंकिंग संस्थानों के शोधकर्ताओं का सर्वेक्षण किया गया। केवल 6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने ईओडीएस के किसी भी पैमाने को 'बहुत अच्छा' दर्जा दिया। अनुसंधान के लिए धन जारी करने वाली एजेंसियों से पावती में आसानी के मामले में इसे 'औसत से कम' का दर्जा मिला। अनुसंधान अनुदान के उपयोग की शर्त में आसानी, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए धन मुहैया करवाने के अलावा उपकरणों और संसाधनों की उपलब्धता के विषय में सबसे कम रेटिंग मिली, जबकि समय पर अनुदान प्राप्ति और आवंटन मंजूरी के मामले में रेटिंग औसत के करीब आंकी गई। सर्वेक्षण में पाया गया कि कुल मिलाकर, फंडिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी थी। 'फास्ट' नामक अध्ययन के अनुसार, फंडिंग एजेंसियां अक्सर भारत में न तो प्रायोगिक अनुसंधान की जमीनी हकीकतों से वाकिफ हैं, न ही इनको पूरी तरह समझ पाती हैं।

एक अच्छे अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र का पर्याय है सम्मान, ईनाम और नकद प्रोत्साहन के जरिए व्यक्तिगत एवं संस्थान स्तर की उत्कृष्टता को मान्यता देना। प्रख्यात वैज्ञानिक शांतिस्वरूप भटनागर के नाम पर दिए जाने वाले शीर्ष राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार की जगह अब नकद राशि बगैर एक गैर-प्रभावशाली एवं चलताऊ 'विज्ञान पुरस्कार' बना दिया गया है। 2022 में पिछले विज्ञान पुरस्कारों को बंद करते समय, सरकार ने दावा किया कि नया शीर्ष पुरस्कारङ्क 'विज्ञान रत्न'ङ्क 'नोबेल पुरस्कार की तर्ज पर' होगा। पिछले सप्ताह प्रथम 'विज्ञान रत्न' की घोषणा की गई, लेकिन इसमें नकद राशि का जिक्र नदारद है, तब इसको 'नोबेल जैसा' होने के बारे में भूल जाएं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ राज्य स्तरीय पुरस्कार जैसे कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा द्वारा दिए जाने वाले 'विज्ञान गौरव' और 'विज्ञान रत्न' (ये इसी नाम वाले राष्ट्रीय पुरस्कार से पुराने हैं) में प्रत्येक की पुरस्कार राशि 5 लाख रुपये है। जहां इज़ ऑफ डूइंग साइंस सूचकांक में भारत खराब प्रदर्शन से जूझ रहा है, वहीं चीन तेजी से बढ़ रहा है। भारत द्वारा अनुसंधान एवं विकास मद पर जीडीपी के 0.66 प्रतिशत खर्च की तुलना में, चीन अपने अनुसंधान एवं विकास पर सकल घरेलू उत्पाद का 2.4 प्रतिशत खर्च कर रहा है। जैसा कि आईआईटीडी के पूर्व निदेशक वी. रामगोपाल राव ने हाल ही में कहा, 'केवल दो चीनी विश्वविद्यालयों का बजट हमारे संपूर्ण शिक्षा बजट से अधिक है।' अपने विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों को धन, सुविधाओं एवं मानवबल से महरूम करके, भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं पाल सकता।

- साभार

# डोलरिया में निराश्रित गौवंश के लिए उप कृषि मंडी में अस्थाई व्यवस्था



**सिवनी मालवा/नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार में सड़कों, रास्तों एवं राजमार्गों पर विचरने/बैठने वाले आवारा एवं निराश्रित मवेशियों व गोवंश के व्यवस्थित रखरखाव व सेवा सुश्रूषा हेतु नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना के द्वारा नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को निरंतर निर्देश प्रदान किये जा रहे हैं। जिनके पालन में निजी एवं शासकीय गौशालाओं में निराश्रित गौवंश के रखरखाव की व्यवस्था किये जाने के अलावा अनुपयोगी शासकीय परिसरों एवं उप कृषि उपज मंडियों को चिन्हित कर उन्हें अस्?थाई आश्रय स्थल बनाते हुये आवश्यक सुविधायें व व्यवस्थायें जुटाई गई हैं। इन आश्रय स्थलों में रखे गये गोवंश के आहार, पेयजल एवं चिकित्सा हेतु नगरीय व ग्रामीण निकायों के अधिकारियों एवं मैदानी अमले सहित पशु चिकित्सा विभाग को भी महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व सौंपे गये हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत डोलरिया में अनुपयोगी उप-कृषि उपज मंडी को चिन्हित कर उसमें ग्राम पंचायत डोलरिया एवं उसके आस पास विचरण करने वाले 210 गोवंश को आश्रय उपलब्ध कराया गया है।

इस कार्य में जिला पंचायत सदस्य शिवा राजपूत, सरपंच शीला राजेश साहू एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रशासनिक अमले के साथ बेहतर समन्वय व सहयोग किया जा रहा है। हेमंत सूत्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अनुसार उक्त आश्रय स्थल पर मवेशियों के आहार हेतु पर्याप्त भूसे, चारे एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। उल्लेखित परिसर लगभग 14 एकड़ के विस्त्र में फैला होने एवं चारदीवारी से घिरा होने के कारण मवेशियों को मुक्त रूप से विचरण करने में कोई व्यवधान नहीं आता है। साथ ही तेज हवा अथवा बारिश की दशा में उक्त परिसर में बने अनेकों शेड पशुओं को सुरक्षित आसरा प्रदान कर रहे हैं। मवेशियों का स्वास्?थ बेहतर रहे, इसके लिये पशु चिकित्सक विभाग की टीम में सम्मलित डॉक्टर राजेन्द्र शर्मा, ए के गौर, टी एस मीना, मनोज दुबे सहित गौ सेवक प्रकाश रघुवंशी के द्वारा पशुओं का सतत स्वास्?थ परीक्षण करने के साथ - साथ समस्त? 210 पशुओं का टीकाकरण भी किया गया है। इस दौरान बीमार पाये गये 14 पशुओं की चिकित्सा भी दल के द्वारा की गई।

# नाट्य कार्यशाला में नव रसों पर आधारित खुद से कहानी बनाना सीख रहे छात्र





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

कर्मवीर जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति द्वारा प्रज्ञान स्कूल, में चल रही बच्चो की तिमाही नाट्य कार्यशाला (जुलाई से सितम्बर 2024) में छात्रों ने नव रसों पर आधारित कहानी तैयार करना सीखा और साथ ही कहानी का नाट्य रूपांतरण एवं उसकी प्रस्तुती के लिए सभी पहलुओं का प्रशिक्षण लिया।

कार्यशाला में सम्मिलित 40 छात्र हर सप्ताह कुछ नया सीख रहे हैं। वर्कशॉप के निर्देशक कर्मवीर सिंह राजपूत ने बताया की अगस्त माह के आखरी सप्ताह में छात्र एक अच्छे नाट्य अभिनेता हेतु आवश्यक रिदम, वाइस और स्पीच का अभ्यास और प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे । जिनका अभ्यास कर छात्र रंगमंच और नाट्यविधा की बारीकियों को समझ और सीख सकें । नर्मदापुरम क्षेत्र के प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार (ष्टष्टत्रञ्ज) द्वारा ÷जूनियर फेलोशिप अवार्ड 2022÷ प्राप्त कर्मवीर सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में संस्था द्वारा नाट्य कार्यशाला का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, जो कि वर्ष भर तिमाही कार्यक्रम के रूप में आयोजित की जा रही है । साथ ही ÷हिंदी रंगमंच जन-जन तक अभियान 2024÷ के अंतर्गत नए नाट्य महोत्सव की भी शुरुआत की जा रही है । संस्था से जुड़े अभिनेता एवं प्रशिक्षक नीरज सिंह चौहान, प्रियंक नागर, मोहम्मद आफ़ाक़, कुलदीप रघुवंशी, लेकेश पवार, अंशुल दुबे छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# अब खुले बोरवेल में अगर कोई दुर्घटना हुई तो होगी एफआईआर

## बचाव कार्य की राशि भी ड्रिलिंग एजेंसी एवं भूमि स्वामी से वसूली जाएगी

**सिवनी मालवा/नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

**खुले बोरवेल (नलकूप) में इंसानों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए, राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश खुले नलकूप में इंसानों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षा अधिनियम-2024 बनाया गया है जो क्रियाशील हो चुका है। इस अधिनियम में यदि बोरवेल (नलकूप) के ड्रिलिंग के समय ड्रिलिंग एजेंसी द्वारा समुचित सुरक्षा उपाय नहीं किए जाने और दुर्घटना की स्थिति में ड्रिलिंग एजेंसी के साथ ही भूमि स्वामी के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के प्रावधान हैं।**

### रोकथाम एवं सुरक्षा अधिनियम, 2024 क्रियाशील



### सुरक्षात्मक उपाय में लापरवाही पर 25 हजार तक का लगेगा जुर्माना

ड्रिलिंग एजेंसी या भूमि स्वामी की लापरवाही के कारण कोई दुर्घटना होने पर ड्रिलिंग एजेंसी एवं भूमि स्वामी के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज की जाएगी। ड्रिलिंग एजेंसी एवं भूमि स्वामी यदि सुरक्षात्मक उपाय के निर्देश का अनुपालन करने में असफल रहते हैं तो प्रथम अपराध के लिए रूपए 10 हजार तक एवं प्रत्येक पश्चातवर्ती अपराध के लिए रूपए 25 हजार रुपये तक का जुर्माना देना होगा। साथ ही दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में दोषसिद्धि पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 100, 105, 106 तथा 110 के प्रावधान अनुसार दण्डित किया जाएगा। दुर्घटना के दौरान किसी व्यक्ति के बचाव के लिए उपगत व्यय, ड्रिलिंग एजेंसी या भूमि स्वामी से वसूल किया जाएगा। इस अधिनियम के अधीन पारित किसी आदेश के विरुद्ध 30 दिन की अवधि में अपील की जा सकेगी।

### निष्क्रिय बोरवेल को 3 माह के अंदर बंद करना होगा

ड्रिलिंग एजेंसी को बोरवेल/नलकूप की ड्रिलिंग के पूर्व निर्धारित वेब पोर्टल पर डाटा भरकर ड्रिल करने के लिए अनुज्ञा प्राप्त करनी होगी। ड्रिलिंग एजेंसी को ड्रिलिंग स्थल, भूमि स्वामी के संबंध में संपूर्ण जानकारी देना होगा। ड्रिलिंग के दौरान और उसके पूर्ण होने के बाद सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करना होगा। निष्क्रिय बोरवेल (नलकूप) को 3 माह के अंदर भूमि स्वामी द्वारा बंद करना होगा। भूमि स्वामी या ड्रिलिंग एजेंसी सक्षम प्राधिकारी के निर्देश पर बोरवेल (नलकूप) में कैप नहीं करते हैं तो कैप करने में उपगत व्यय वसूला जाएगा।

### शिकायतकर्ता के लिए पुरस्कार का भी प्रावधान

खुले बोरवेल (नलकूप) में सक्षम अधिकारी स्वयं अथवा किसी व्यक्ति द्वारा रिपोर्ट या शिकायत प्राप्त होने पर संज्ञान ले सकेंगे। शिकायत सत्य पाये जाने पर शिकायतकर्ता को पुरस्कृत करने का भी प्रावधान अधिनियम में शामिल है।

# नन्हें बच्चे बने राधा-कृष्ण, बचपन स्कूल में मनाया कान्हा का जन्मोत्सव



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

बचपन ए प्ले स्कूल और नोबल हाइट्स पब्लिक स्कूल इटारसी के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप राधा और मां यशोदा बन कर कृष्णा जन्मोत्सव को उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चन से किया गया जिसमें बच्चों ने जयकारे लगाए। हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, से माहौल कृष्णमय हो गया। जन्मोत्सव में कृष्ण जी की झांकी सजायी जिसमें नन्द गांव की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने राधा, कान्हा, यशोदा बन कर नृत्य एवं कृष्ण की माखनचोर, कालिया नाग, रासलीला आदि कृष्ण लीलाओं से बच्चों को रूबरू कराया।

नन्हें मुन्ने कृष्णा एवं राधा बने बच्चों ने माखन चोर नाटिका, नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति की। शिक्षिकाओं ने बच्चों को राधा और कृष्ण से जुडी हुई कई कहानियां सुनाई ताकि बचपन से ही उनमें मानव जीवन में फैली विसंगतियों को दूर कर समाज को सुधारने में सहयोग करने का जज्बा पैदा किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने बाल गोपाल को झूला झुलाया एवं मिठाई का वितरण किया। कार्यक्रम में संचालक दीपक दुगाया, स्कूल हेड मंजू ठाकुर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# अड़ीबाजी में फिर चले चाकू

**इटारसी।** बीती रात पुरानी इटारसी क्षेत्र में हुई चाकू बाजी की घटना के मामले में घायलों को शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने कुछ ही घंटों में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

बीती रात तीन पुलिया के पास हुए विवाद के चलते चार आरोपियों ने मिलकर पुरानी इटारसी निवासी हितेश चौरे और मनीष उदयपुरिया पर चाकू से हमला किया था। घटना रात लगभग साढ़े दस बजे की है। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया जा रहा है कि आरोपियों द्वारा फरियादी हितेश चौरे से पांच सौ रुपए को लेकर अड़ीबाजी की जा रही थी। जब फरियादी ने रुपए देने से इनकार कर दिया तो गौतम बाड़ीवा, रोहित विश्वकर्मा, आयुष मसीह और सोनू ने मिलकर चाकू से हमला किया। जिससे दोनों घायलों की जांघ पर चाकू लगे हैं। घटना के बाद पुलिस ने कुछ ही घंटो में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# इटारसी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बने सुरेश गोयल



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

अग्रवाल समाज इटारसी के तरुण अग्रवाल मंडल इटारसी के आज हुए त्रिवार्षिक चुनाव में निर्विरोध सर्व सहमति से सुरेश गोयल को अध्यक्ष मनोनित हुए श्री गोयल पूर्व में भी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रह चुके हैं,और उनके पूर्व कार्यकाल में समाज में बहुत से उल्लेखनीय कार्य हुए है आज अग्रवाल भवन परिसर में हुई समाज की बैठक में सुरेश गोयल के नाम के प्रस्ताव पर समाज के सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की जिससे श्री गोयल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

# राज्यसभा सांसद नारोलिया मिली कार्यकर्ताओं से



**इटारसी।** राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया का दिल्ली से इटारसी आगमन हुआ। इटारसी मे सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेतागण से चर्चा करते हुए बताया की वे क्षेत्र के समूचे विकास के प्रति संकल्पित है, विशेष रुप से रेल्वे सुविधा,खेलों को प्रोत्साहन, एवं कृषि के विकास के उन्होंने कार्य प्रारंभ भी कर दिया है जिसके परिणाम शीघ्र ही सामने आऐंगे।श्री नारोलिया ने कहा कि वार्ड स्तर पर भी जो संभव हो सकेगा, मेरी राशि से वह कार्य करने के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगी। मेरे दरवाजे सदैव आपके लिए खुले है, मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हूं। जहां आपको आवश्यकता लगे मुझे बुला सकते हैं। सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में उपस्थित जनों से अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने पर बल दिया, उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी संगठन से जोड़ा जाए आप सब लोग सदस्यता अभियान पूरी ताकत से लग जाए हमारा लक्ष्य बड़ा है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संदेश पुरोहित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र दीक्षित, जिला मंत्री उमेश पटेल, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी राजा तिवारी,वरिष्ठ नेता शिवकिशोर रावत , युवा नेता विकास नारोलिया, जमना प्रसाद मेहतो,कैलाश मालवीय, जीतेन्द्र यादव सहित भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** | ई-दक्ष केंद्र में सेवा प्रदाताओं का प्रशिक्षण आयोजित

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला ई गवर्नेंस सोसाइटी के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में शीघ्र ही भूमि, प्लॉट की ई-रजिस्ट्री का सॉफ्टवेयर बदल रहा है। संपदा-2 के नए सॉफ्टवेयर भूमि की ई-रजिस्ट्री आसान होने वाली है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ई-स्टाम्प व ई-रजिस्ट्री से पहले दोनों पक्षों को संपदा-2 पर रजिस्टर्ड होना होगा। नर्मदापुरम जिले में सभी ब्लॉकों का 9 दिवसीय प्रशिक्षण 5 से 14 अगस्त तक सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। ट्रेनिंग मास्टर ट्रेनर सहायक प्रबंधक ई-गवर्नेंस नर्मदापुरम रफीक खान एवं लेखापाल मनोज चौरे के द्वारा दिया गया। जिले के लगभग 170 सर्विस प्रदाताओं एवं पंजीयन विभाग के कार्यालीन अमले को प्रशिक्षण दिया गया।



जिला पंजीयक ने बताया कि महानिरीक्षक एवं पंजीयन मुद्रांक मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जल्द से जल्द संपूर्ण मध्यप्रदेश में पंजीयन विभाग संपदा सॉफ्टवेयर के नवीन संस्करण सम्पदा 2.0 लागू होना है। इसमें संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर से उपपंजीयक कार्यालय में दस्तावेजों का पंजीयन व रजिस्ट्री आदि की जाएगी, जो कि पहले की तुलना में ज्यादा आसान होगी। नागरिक अब स्वयं की रजिस्ट्री एवं ई-स्टाम्प बना सकते हैं।

जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक नर्मदापुरम संदीप चौरसिया द्वारा बताया गया कि जिले में सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिए जाने हेतु विगत 10 वर्षों से जिले में जिला ई -गवर्नेंस सोसायटी द्वारा संचालित ई- दक्ष केंद्र निरंतर कार्य कर रहा है, उक्त केंद्र में ही दिनांक 5 से 14 अगस्त को नवीन पोर्टल संपदा 2.0 का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है।

नर्मदापुरम के सर्विस प्रोवाइडर विजय यादव द्वारा बताया गया की ई-दक्ष केंद्र में उनके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा नवीन पोर्टल संपदा 2.0 का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही हैंड्स-ऑन सीधे पोर्टल पर स्टांप एवं रजिस्ट्री प्रक्रिया कराई गई, सम्पूर्ण प्रशिक्षण के दौरान पंजीयन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# हलाली के पांच व संजय सागर डैम के दो गेट खुले हलाली, बेस, बेतवा नदी के किनारों से दूरी बनाए रखें



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जिले में जारी अतिवर्षा व जलभराव को दृष्टिगत रखते हुए सम्राट अशोक सागर बांध व संजय सागर बांध में इनफ्लो अधिक होने से डेम के जलस्तर लेबल को बनाए रखने हेतु गेट खोलने के कार्य किए गए है। गेट खोलने से पूर्व जलबहाव क्षेत्र के रहवासियों तक सूचनाएं सम्प्रेषित की गई है। वहीं ग्रामो में मुनादी कर गेट खोले जाने की सूचनाएं दी गई है ताकि जलबहाव से किसी भी प्रकार की जनधन व पशुहानि ना हो। गेटो और जलबहाव क्षेत्रों पर सतत नजर रखी जा रही है। सम्राट अशोक सागर बांध (हलाली डेम) के कार्यपालन यंत्री श्री रमेश चौहान ने बताया कि हलाली डेम का जल लेबल 459.65 / 459.61 मीटर है एवं जल भराव सौ प्रतिशत से अधिक हो रहा है। बांध के कैचमेंट एरिया में लगातार वर्षा होने से जल की आवक अधिक बनी हुई है। अतः जल स्तर को नियंत्रित करने के लिए आज सुबह आठ बजे बांध के पांच गेट कुल एक मीटर ऊंचाई में खोले जा रहे जिससे लगभग 445 क्यूमेक्स डिस्चार्ज पास होगा। और आवश्यकता पड़ने पर गेटों की हाईट और बढाई जा सकती है।

संजय सागर बाह्य परियोजना के भी दो गेट आधा मीटर ऊंचाई के खोले गए है कि जानकारी देते हुए कार्यपालन यंत्री सुश्री प्रियंका भण्डारी ने बताया कि बांध में जलभराव की मात्रा लगातार बढने के फलस्वरूप सुरक्षात्मक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए बांध के गेट खोले गए है साथ ही गेट खोलने के पूर्व जलबहाव क्षेत्र के ग्रामो में मुनादी कर सूचना सम्प्रेषित की गई है और सभी को नदी के तटो से दूर रहने का आव्हान किया गया है।

## आम जनता को हो रही है परेशानी, आज चल समारोह में आएगी परेशानी

# बीच सड़क पर मटेरियल डालकर निर्माण करने वालों पर नगर पालिका प्रशासन मौन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



नगरीय क्षेत्र में मुख्य मार्गो से लेकर शहर के हर गली मोहल्ले में बिल्डिंग बनाने का काम तेज गति से हो रहा है। निर्माण करने वालों के द्वारा लापरवाही भी की जाती के वजह से नगर वासियों को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।अधिकांश लोगों के द्वारा यातायात को बाधित करने के लिए भी सड़क पर ही सामान को डालकर कई दिनों तक छोड़ दिया जाता है, सबसे बड़ी बात तो है कि बिना किसी सूचना और बिना किसी अनुमति के रास्ता बंद कर दिया जाता है या फिर बीच सड़क पर कई दिनों तक सामग्री को डालकर छोड़ दिया जाता है इस वजह से आम जनता को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इसकी जानकारी होने के बाद भी नगर पालिका प्रशासन के जिम्मेदारियां एवं कर्मचारी के द्वारा समय रहते कदम नहीं उठाए जाते हैं । इस वजह से अधिकांश लोगों की मनमानी आम जनता पर भारी पड़ती जा रही है। कई बार तो रास्ता पूरी तरह से बंद भी कर दिया जाता है इस वजह से लोगों को यहां से वापस जाना पड़ता है। दूसरी ओर कले बाजार में मकान निर्माण के लिए एक व्यक्ति के द्वारा मटेरियल को सड़क पर ही डालकर कई दिनों से छोड़ दिया गया है इस वजह से यहां से आने-जाने लोगों को अपने वाहनों को निकालने में परेशानी हो रही है वैसे ही इस मार्ग पर हमेशा यातायात का दबाव रहता है। स्कूलों की छुट्टी के बाद इस मार्ग से निकलने में कठिनाई होती है अभी सामन डला होने के कारण चार पहिया बाहर निकल नहीं पा रहे हैं। वहीं आज चल समारोह भी इसी रास्ते से निकलेगा तो और भी ज्यादा समस्या हो सकती है इस बात की जानकारी होने के बाद भी यातायात पुलिस प्रशासन से लेकर नगर पालिका के जिम्मेदारियां के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसी तस्वीर शहर के अधिकांश क्षेत्रों से प्रतिदिन निर्मित होती है मनमर्जी से सड़क को बंद करने वालों पर नगर पालिका प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए एक-दो दिन के बाद जो मटेरियल को नहीं हटता है उसकी सामग्री को जप्त भी करके आम जनता को राहत पहुंचाने का काम करना चाहिए पर ऐसा नहीं किया जा रहा है। ज्ञात होकि नपा कर्मचारी संजीव यादव द्वारा कुछ देर बाद आकर सामान हटवा दिया गया था।

### इनका कहना है -

*सड़क पर मटेरियल डालकर कई दिनों तक छोड़ दिया जाता है नगर पालिका प्रशासन ध्यान नहीं देती है ऐसे लोगों पर जुर्माना भी करना चाहिए।*

***शाहिद खांन** समाजसेवी*

*सड़क पर पदार्थ डालकर लापरवाही हो रही है तो हम जांच करवा कर कार्रवाई करेंगे मार्ग को बाधित करना गलत है।*

***पवन शर्मा** मुख्य नपा अधिकारी सिरोंज*

# शासन के आदेशों की अवहेलना, शिक्षक कर रहे है ऑफिसों में बाबूगिरी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

अटैचमेंट करवाकर बाबू बने शिक्षकों को अब वापस स्कूल जाना पडेगा। गैर शिक्षकीय कार्य में लगे शिक्षकों व अन्यशिक्षकों को अब उनकी मूल पदस्थापना स्थल पर स्कूल में शिक्षण कार्य में भेजने के आदेश जारी हो गए हैं। आदेश का पालन नहीं करने पर संकुल प्राचार्य को दोषी माना जाएगा। इसके बाद से वर्षो से दूसरे सरकारी दफ्तरों में मलाई मार रहे शिक्षकों में हलचल मच गई है। जानकारी के मुताबिक तहसील में बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक हैं जो विभिन्न शासकीय कार्यालयों में बाबूगिरी कर रहे और वेतन शिक्षा विभाग से ले रहे हैं। इस कारण स्कूलों में शिक्षकों की कमी होने से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जिससे स्कूल का परीक्षा परिणाम प्रभावित होता है। इसे लेकर पूर्व में भी आदेश जारी हुए लेकिन इनका पालन नहीं किया गया।

**अन्य विभागों में जमे शिक्षक** - शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्थापना शाखा, खेल शाखा, परीक्षा शाखा, तहसील निर्वाचन शाखा, संकुल केंद्रों, बीईओ कार्यालय में कई शिक्षक बाबू बनकर काम करे रहे हैं। कई शिक्षक जनप्रतिनिधियों के वहां सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे शिक्षकों की ठीक से गणना कर ली जाए तो संख्या करीब सेंकड़ा तक पहुंचना संभव है। कुछ शिक्षक तो वर्षो से गैर शिक्षकीय कार्य में संलग्न है। एसडीएम हर्षल चौधरी से बात की गई तो उन्होंने कहा की आदेश होने के बाद ही हमने निर्वाचन से शिक्षकों को हटाकर स्कूल भेजने को कहा है। हमारे यहां अटैचमेंट नहीं है यदि कहीं विभाग में ऐसा चल रहा है तो हम जांच कर कार्रवाई करेंगे। अभी भी देखा जा रहा है शिक्षक संकुलों के आफिसों में कार्य करते दिखाई दे रहे है क्या इसका संकुल प्राचार्यों पर कोई असर नहीं पड़ा, कई शिक्षक स्कूलों में हस्ताक्षर कर वापिस घर चले जाते है या आफिस में जाकर बाबूगिरी करते है और उनकी कोई जाँच भी नहीं करता क्यूँ की उन पर अधिकारी की कृपा है ।

# पशु हानि पर आर्थिक मदद जारी : एसडीएम

**सिरोंज।** एसडीएम ने बताया कि सिरोंज तहसील के ग्राम सुमेरपुर में 24 अगस्त की रात्रि में मिट्टी की दीवार गिरने की सूचना प्राप्त होने पर राजस्व अधिकारियों के द्वारा त्वरित घटना स्थल पर पहुंचकर जांच संबंधी कार्यवाही की गई है। घटित दुर्घटना में राजेश यादव के एक गाय व दो बछडो की मृत्यु हो जाने पर पशु स्वामित्व यादव को आरबीसी 6(4) अंतर्गत दी जाने वाली सहायता राशि के मानदण्डो अनुसार कुल 77 हजार पांच सौ रूपए की सहायता राशि राजेश यादव को स्वीकृत की गई है जिसमें गाय की मृत्यु पर 37 हजार पांच सौ रूपए तथा दो बछडो की मृत्यु हो जाने पर क्रमशः बीस-बीस हजार रूपए इस प्रकार कुल 77 हजार पांच सौ रूपए की आर्थिक मदद नियमानुसार स्वीकृत की गई है।

**आर्थिक मदद जारी** - सर्पदंश के एक प्रकरण में विदिशा उपखण्ड अधिकारी के द्वारा मृतक के परिजन को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता के आदेश जारी किए गए है। ग्राम सेमरा लश्करपुर में कृषि कार्यो के दौरान सर्पदंश से मोनू की मृत्यु हो जाने पर मृतक के पिता श्री किशनलाल रैकवार निवासी बाकगढ़ टपरा तहसील बासौदा को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी गई।

# तीर्थ यात्रा से श्रद्धालु ढोल नगाड़े के साथ लौटे, ग्रामीणों ने किया स्वागत

**सिरोंज।** रविवार को तहसील के पामाखेड़ी हरिपुर भरका समदपुर कर्राखेडी गरेठा केथोरा आदि ग्रामीणों से रामेश्वरम जगन्नाथ पुरी द्वारकापुरी कामाख्या देवी 18 शक्तिपीठ सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, विश्वेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वर, घुष्मेश्वर (घृष्णेश्वर) ज्योतिर्लिंग मथुरापुरी अयोध्यापुरी द्वारकापुरी काशी उज्जैन कन्याकुमारी हिंद महासगर अरब और बंगाल तीनों समुंद्री का संगम स्नान अन्य मुख्य भारतीय तीर्थ 12 राज्यों और नेपाल की यात्रा भ्रमण करके 38 दिनों बाद सकुशल घर लोटे। यात्री यात्रा से सीधे सिरोंज के प्रसिद्ध मंदिर बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर पहुंचे। जहां पहुंचकर बाबा विश्वनाथ भगवान की यात्रियों ने पूजा अर्चना की। देवपुर पहुंचकर यात्रियों के परिजनों ने स्वागत किया। और अपने अपने गांव पहुंचे। यात्रियों की आने की खुशी में परिजनों समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने उनका स्वागत गाजे बाजे और फूलमाला के साथ पुष्पवर्षा कर किया। इस दौरान यात्रियों समेत ग्रामीणों के लोग अधिक संख्या में उपस्थित रहे।



## वाल्मिकी समाज ने निकाली शोभायात्रा

**सिरोंज ।** वाल्मिकी समाज द्वारा चंद्रमोहन सभागार से शनिवार दोपहर को देवश्री जाहरवीर गोगा की विश्वनाथ वाल्मिकी सेवा समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गयी जो मुख्य बाजार से पालीवाल गार्डन तक निकाली गयी। शोभायात्रा में डीजे और विभिन्न स्थानों से शामिल समाजजनों के हाथों में छड़ी विराजित थी । साथ बग्गी पर गोगा जी विशाल चित्र विराजमान रहा। शोभायात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत समाजजनों व स्वयंसेवी संगठनों द्वारा किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे।

## भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला

**सिरोंज।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की आगामी सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री मुकेश तिवारी ने कहा कि भाजपा संगठन कार्यकर्ता आधारित राष्ट्रीय राजनेतिक दल है। जिसमें नियमो की प्रक्रिया पूर्णकर बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर के अध्यक्ष का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया से संपन्न होता है। कार्यकर्ताओ के लिए यह राष्टीय त्यौहार जैसा ही होता है। हम उस राजनैतिक दल के कार्यकर्ता है जो विश्व की सबसे बड़ी राजनेतिक पार्टी है, भाजपा संगठन में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि होता है। सामान्य सदस्य संख्या के साथ सक्रिय सदस्य बनने के बाद है इसी उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय कार्यसमिति द्वारा नए सिरे से संगठन रचना का गठन प्रारम्भ होने जा रहा है। 1 सितंबर को हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा सदस्य बनाकर देश भर में सदस्यता अभियान शुरू करेंगे। उन्होने विधायक सहित जनपद,जिला पंचायत, नपाध्यक्ष सहित पदों पर बैठे कार्यकर्ताओं को भी सदस्यता संबंधित लक्ष्य की जानकारी भी दी।

# उद्यमिता को प्रोत्साहित करने स्वदेशी जागरण मंच करेगा सम्मेलन जिला बैठक में हुआ निर्णय



**सिरोंज।** विदिशा स्वावलंबी भारत अभियान की जिला बैठक पुराने नगर पालिका भवन स्थित अपने कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजावत ने कहा कि उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए संपूर्ण जिले के शैक्षिक संस्थानों में उद्यमियों का सम्मान किया जाए ताकि युवा वर्ग उद्योग स्थापन के लिए प्रेरित हों स इस मौके पर स्वाबलंबी भारत अभियान के जिला पूर्णकालिक श्री अंकित पाठक ने संगठनात्मक विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक हमे भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए स्व रोजगार एवं स्वाबलंबन की ओर बढ़ना होगा स इस मौके पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष परसराम दुबे ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को मार्गदर्शन के लिए स्वाबलंबी भारत अभियान एक बेहतर प्लेटफॉर्म है स इस मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के सह जिला संयोजक चरण सिंह रघुवंशी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजन से की गई स बैठक में भुजरिया मिलन भी आयोजित किया। इस मौके पर जिला प्रचार प्रमुख प्रमोद रघुवंशी, जिला कार्यालय प्रमुख आशीष काके, गौरव सोनी, निरंजन सिंह रघुवंशी, राम साहू, राजेंद्र साहू, मधुसूदन पचौरी पप्पू सरदार पं.सुनील शर्मा प्रवेश मित्तल, हर्षित जैन, जिला टोली सदस्य निर्मल कोर, नीता सक्सेना, सपना चौरसिया, गीता सोनी थे।

# सिरोंज को जिला बनाने सीएम के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लटेरी नगर के राजनीतिक, सामाजिक, व्यापारिकगणों ने सिरोंज को जिला बनाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा जिससे सिरोंज को जिला बनाने की मांग पुरजोर तरीके से की गई ज्ञापन में कहा गया कि सिरोंज राजस्थान राज्य में 1956 तक जिला रहा है, लेकिन 1 नवम्बर 1956 को सिरोंज को राज्य पुनर्गठन के समय जिले से हटाकर सब डिवीजन बना दिया गया जिसमें कुरवाई, लटेरी, पठारी आदि तहसीलों को सम्मिलित किया गया ज्ञापन में कहा गया है कि 64 वर्षों में सिरोंज शहर एवं क्षेत्र की आवादी कई गुना बढ़ गई है। जिससे शासन की विकासकारी योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक से नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सिरोंज ऐतिहासिक नगर है यहां व्यापारिक दृष्टि से अपार संभावनाएँ यहां की मंडी बहुत बड़ी जिसमें आनंदपुर, लटेरी, शमशाबाद, पथरिया, पठारी आदि क्षेत्र के कृषक अपनी फसल बेंचते हैं सिरोंज नगर में दो अपर एवं सत्र न्यायालय हैं, एडिशनल कलेक्टर लिंक कोर्ट है। सभी विभागों के 10 अनुविभागीय अधिकारियों की पदस्थापना है। 100 पलंगों का हॉस्पिटल है, सिरोंज में विश्व विद्यालय, महाविद्यालय, पॉलिटेक्नीक कॉलेज स्थित है। जिले के 17 थानों में से आठ थाने सिरोंज क्षेत्र में ज्ञापन में कहा गया है कि आनंदपुर, पथरिया को तहसील बनाकर लटेरी शमशाबाद को मिलाकर नवीन जिला बनाना चाहिए जिसकी लम्बे समय से मांग की जा रही है, पूर्व में भी मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा, एवं विधायक उमाकांत शर्मा ने सिरोंज को जिला बनाने के लिये आंदोलन चलाया था इस अवसर पर ज्ञापन का वाचन वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह बघेल द्वारा किया गया आभार विधायक प्रतिनिधि अत्तू भंडारी ने किया। इस अवसर पर रामगुलाम राजोरिया, शिवचरण प्रजापति, डा आमिर सरकार, जितेन्द्र रघुवंशी, योगेन्द्र तोमर, पवन कुशवाह, नितिन धाकड़, वीरसिंह बघेल, प्रवीण शर्मा सहित बड़ी संख्या में नगर के लोग उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** — जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में लिया निर्णय

# प्रशासन ने जर्जर भवनों ,छज्जों तथा अन्य अवरुद्धों का चिन्हांकन किया गया

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आगामी धार्मिक आयोजनों एवं जुलूसों व चल समारोह तथा यात्राओं के मार्गो में किसी भी प्रकार की अप्रिय दुर्घटना घटित ना हो इसके लिए निर्धारित मार्गो के जर्जर भवनों छज्जों, विद्युत वायरों सहित अन्य प्रकार के सभी अवरुद्धों को एक सप्ताह की अवधि में शत् प्रतिशत स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए हैं।**



कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आज विदिशा नगर में एसडीएम संतोष बिटौलिया, सीएसपी अतुल सिंह के साथ नगरपालिका, ऊर्जा एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निर्धारित रूट का भ्रमण कर निर्देशों के अनुरुप जायजा लिया है। एसडीएम श्री बिटौलिया ने बताया कि निर्धारित मार्ग में 30 से 35 जर्जर भवनों व छज्जों का चिन्हांकन किया गया। इन सबको नगरपालिका के माध्यम से नोटिस देकर हटाने के कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा रुट में आने वाली कुछ डीपी, खंबे बिजली के तार जो नीचे लटक रहें उन्हें तथा अन्य बिंदुओं तहत चिह्नित किए गए हैं उन सब को समयबद्ध अवधि पूरा कराया जाएगा। ताकि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार के व्यवधान ना हो पाए, गौरतलब हो कि गत दिवस संपन्न हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में सदस्यों द्वारा इन समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया था।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक /राज./ 2024/ 1860 — दिनांक 14/08/2024

### नामांतरण विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आवेदनकर्ता द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो नगर पालिका में विचाराधीन है।

| क्र. | प्रकरण क्र. | क्रेता | विक्रेता | पता | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 93/ना/2024 | मनोजशर्मा/ सत्यनारायण शर्मा | मोहम्मद नसीम/ रमजान खा | वार्ड 02 | विक्रय पत्र |
| 2 | 94/ना/2024 | प्रदीप साहू/ मुन्ना लाल साहू | सुदेश सक्सेना/ राजकुमार सक्सेना | वार्ड 21 | विक्रय पत्र |
| 3 | 95/ना/2024 | कपिल साहू/ मदन लाल साहू/ज्योतिसाहू/कपिल साहू | रामदयाल शर्मा/ परमानंद शर्मा | वार्ड 13 | विक्रय पत्र |
| 4 | 96/ना/2024 | साजिदा बी/ चांद मिया | जगदीश / रतीराम साहू | वार्ड 14 | विक्रय पत्र |
| 5 | 97/ना/2024 | अंजू शर्मा/ ऋषि कुमार शर्मा | सत्यप्रकाश दुबे/ चम्पालाल दुबे | वार्ड 03 | विक्रय पत्र |
| 6 | 98/ना/2024 | सिया बाई/ रघुवीर सेने | लालसा देवी/ योगेंद्र सिंह राजूपत | वार्ड 10 | विक्रय पत्र |
| 7 | 99/ना/2024 | मोहम्मद दीन/ अजीज उउद्दीन | जहर सईद, मजहर सईद आदि | वार्ड 06 | विक्रय पत्र |
| 8 | 100/ना/2024 | मोहम्मद अकरम, मोहम्मद इमरान/ मकबूल अहमद | इरफान अहमद/ मकबूल अहमद | वार्ड 20 | हकत्याग पत्र |
| 9 | 101/ना/2024 | लीला बाई/ चुन्नी लाल | चुन्नीलाल/ विहारी लाल | वार्ड 10 | विक्रय पत्र |
| 10 | 102/ना/2024 | हाजी मियां/ अ. हाजी | डालचंद्र/मंगल अध्यक्ष | वार्ड 20 | हकत्याग पत्र |

अत: उपरोक्त दावो के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में प्रमाण सहित इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस के भीतर नगर पालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा वाद अवधि यह मानकर किसी को कोई आपत्ति नहीं आगामी कार्यवाही की जावेगी

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिरोंज**

### 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की; शेफर्ड और जोसेफ को 3-3 विकेट

# टी-20: वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को 30 रन से हराया, अगला मुकाबला कल

**त्रिनिदाद. एजेंसी**

रोमारियो शेफर्ड प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 15 रन देकर 3 विकेट लिए। मेजबान वेस्टइंडीज ने टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 30 रन से हरा दिया। इस जीत से विंडीज ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। तीसरा और आखिरी मुकाबला 27 अगस्त को त्रिनिदाद में खेला जाएगा। ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी के मैदान पर साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका 19.4 ओवर में 149 रन पर ऑलआउट हो गई। रोमारियो शेफर्ड प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 15 रन देकर 3 विकेट चटकाए। शमार जोसेफ को भी 3 विकेट मिले। टॉप-3 ने वेस्टइंडीज को 80 पार पहुंचाया। मुकाबले में टॉप ऑर्डर ने वेस्टइंडीज को मजबूत शुरुआत दी। ओपनर शाई होप और एलिक एथनाज पहले विकेट के लिए 41 रनों की साझेदारी करके स्कोर की बुनियाद रखी। यहां एथनाज के 28 रन पर आउट होने के बाद होप ने निकोलस पूरन के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 रन जोड़े और स्कोर 80 पार पहुंचा दिया। लिजार्ड विलियमस की बॉल पर एथनाज पुल करने के प्रयास में डोनोवन फरेरा को कैच थमा बैठे। होप ने 41 और पूरन ने 19 रन का योगदान दिया।



### पॉवेल और रदरफोर्ड की अहम साझेदारी

कप्तान रोवमन पॉवेल ने 22 बॉल पर 159.09 के स्ट्राइक रेट से 35 रन की पारी खेली। उनकी पारी में एक चौका और तीन छक्के शामिल रहे। पॉवेल ने शेरफेन रदरफोर्ड के साथ 5वें विकेट के लिए 28 बॉल पर 47 रन की पार्टनरशिप करके टीम को 150 पार पहुंचा दिया। रदरफोर्ड ने 18 बॉल पर 29 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की ओर से लिजार्ड विलियमस ने 3 विकेट लिए। 2 सफलताएं पैट्रिक क्रूगर को मिलीं।

### रिकेलटन और हैंड्रिक्स की तेज शुरुआत

रियान रिकेलटन और रीजा हेंड्रिक्स की जोड़ी ने 180 रन का टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका को तेज शुरुआत दिलाई। टीम ने चौथे ओवर में 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया था। लेकिन टीम ने पावरप्ले के आखिरी दो ओवर में दोनों ओपनर आउट हो गए। दोनों ने 63 रन की साझेदारी की। रिकेलटन ने 20 और हैंड्रिक्स ने 44 रन का योगदान दिया।

### 20 रन बनाने में गंवाए आखिरी 7 विकेट

129 रन के स्कोर पर साउथ अफ्रीका का चौथा विकेट गिरा। यहां ट्रिस्टन स्टब्स 28 रन बनाकर आउट हुए। उनके आउट होते ही टीम बिखर गई। अफ्रीकी टीम ने अगले 20 रन बनाने में आखिरी 7 विकेट गंवा दिए। कप्तान एडेन मार्करम ने 19 और रासी वान डर डुसेन ने 17 रन का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड और शमार जोसेफ ने 3-3 विकेट लिए। अकील हुसैन ने 2 विकेट हासिल किए। 1-1 विकेट मैथ्यू फोर्डे और गुणाकेश मोती के खाते में गया।



### एशियाई सर्फिंग: किशोर सेमीफाइनल

## पुरुष व महिला टीम ने एशियाड के लिए हासिल किया कोटा

**माले (मालदीव). एजेंसी**

तमिलनाडु के किशोर कुमार यहां एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के अंडर-18 वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। यह टूर्नामेंट 2026 एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। क्वार्टरफाइनल की तीसरी हीट में किशोर ने 11.50 का सर्वोच्च स्कोर हासिल किया। वहीं भारत की मिश्रित टीम ने रजत पदक जीता। इसके साथ ही भारत की पुरुष व महिला टीम ने एशियाई खेलों की सर्फिंग प्रतियोगिता के लिए कोटा हासिल कर लिया।

### चीनी ताइपे को छोड़ा पीछे

मिश्रित टीम में भारत के कमाली प्रकाश, अजीश अली, श्रीकांत डी व संयज सेलवामनी ने चीनी ताइपे को पीछे छोड़ा। भारतीय टीम ने 24.13 अंकों के साथ रजत पदक पर कब्जा जमाया, चीनी ताइपे के 23.93 अंक रहे।



## मेट्रो बाजार

## मर्जर: क्रिकेट छोड़ सभी शर्तें मानने को तैयार है डिज्नी-रिलायंस




**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के एंटरटेनमेंट सेक्टर की सबसे बड़ी डील माने जाने वाली डिज्नी और रिलायंस का 8.5 अरब डॉलर का मर्जर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) की रुकावट का सामना कर रहा है। सीसीआइ ने क्रिकेट ब्रॉडकास्ट राइट्स समेत कई मसलों को लेकर चिंता जताई थी और कहा था कि रिलायंस-डिज्नी मर्जर से बाजार में इस नई कंपनी का एकाधिकार होगा और इससे प्रतिद्वंद्वी कंपनियों को नुकसान होगा। अब जानकारी सामने आई है कि रिलायंस और डिज्नी क्रिकेट राइट्स के अलावा लगभग हर मुद्दे पर सीसीआइ को सहमति दे चुके हैं। अब सीसीआइ को फैसला लेना है कि वह इस मर्जर को मंजूरी देता है या नहीं। इस मामले में अभी तक सीसीआइ, रिलायंस या डिज्नी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूत्रों के मुताबिक, रिलायंस और डिज्नी क्रिकेट प्रसारण अधिकार को लेकर अड़े हुए हैं। हालांकि, वे विज्ञापन के रेट तेजी से न बढ़ाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने सीसीआइ को आश्वासन दिया है कि विज्ञापन के रेट अतार्किक नहीं रखे जाएंगे। रिलायंस और डिज्नी के मर्जर से बनने वाली मीडिया कंपनी के पास लगभग 120 चैनल और 2 स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म होंगे। इनमें से लगभग 10 चैनल कंपनियां बंद करने को तैयार हैं। सीसीआइ ने इन कंपनियों से कहा था कि वो अपने कुछ क्रिकेट प्रसारण राइट्स बेच दें। सूत्रों ने कहा है कि इसके लिए दोनों कंपनियां तैयार नहीं हैं।

## ट्रेड: अमरीका सहित दुनियाभर में 'ब्रांड इंडिया' पर बढ़ा भरोसा, 6 प्रतिशत बढ़ा निर्यात

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय वस्तुएं वैश्विक स्तर पर ब्रांड के तौर पर स्थापित हो रही हैं। अमरीका-यूरोप समेत अन्य विकसित देशों में भारतीय वस्तुओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। भारत के कुल निर्यात में अमरीका की हिस्सेदारी पिछले 10 साल में 19 फीसदी से बढ़कर 23 फीसदी तो यूरोप की हिस्सेदारी 18 फीसदी प्रतिशत से बढ़कर 23 फीसदी हो गई है। कुल निर्यात में विकसित देशों की हिस्सेदारी में यह इजाफा बताता है कि भारतीय वस्तुएं उम्दा श्रेणी में शामिल होती जा रही हैं। यही वजह है कि वर्ष 2024 की पहली छमाही में भारत का मर्केंडाइज निर्यात 5.41 फीसदी बढ़कर 230.51 अरब डॉलर रहा। वहीं सर्विस एक्सपोर्ट 6.9 फीसदी बढ़कर 178.2 अरब डॉलर हो गया। साल 2024 के पहले छह महीनों में अमरीका भारत का शीर्ष कारोबारी साझेदार बनकर उभरा, जबकि चीन के साथ सबसे अधिक 41.6 अरब डॉलर का व्यापार घाटा रहा। चीन को निर्यात 8.5 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 50.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वहीं अमरीका को निर्यात 10.5 फीसदी बढ़कर 41.6 अरब डॉलर हो गया। भारत 239 देशों को उत्पादों का निर्यात करता है और इनमें से 126 देशों में भारत का निर्यात बढ़ा। देश के कुल निर्यात में इनकी हिस्सेदारी 75 फीसदी है। 239 देशों को उत्पादों का निर्यात करता है भारत, इनमें से 126 देशों में बढ़ा एक्सपोर्ट, इन देशों की भारत के कुल निर्यात में 75 फीसदी न प्रतिशत हिस्सेदारी 35.8 फीसदी रही 2023-24 में भारत से स्मार्टफोन निर्यात में अमरीका की हिस्सेदारी, 10 साल पहले यह 19.7 फीसदी थी।

## भारतीय महिला पहलवानों ने रचा इतिहास, 8 पदकों के साथ पहली बार जीता टीम खिताब

**अम्मान (जॉर्डन). एजेंसी**

भारतीय महिला पहलवानों ने यहां आयोजित अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपनी धाक जमाते हुए टीम खिताब पर कब्जा जमाया। यह पहली बार है जब भारतीय टीम ने विश्व चैंपियनशिप में ओवरऑल खिताब जीता है। भारतीय महिला टीम ने यहां अपना दबदबा बनाते हुए पांच स्वर्ण, एक रजत व दो कांस्य समेत कुल आठ पदक जीते हैं। भारतीय टीम 185 अंकों के साथ यहां विजेता बनी। अब पुरुष वर्ग में भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत ने वैसे इस चैंपियनशिप में अब तक कुल 10 पदक जीते हैं।



**काजल ने दिलाया 5वां स्वर्ण:** अदिति कुमारी, नेहा सांगवान, पुलकित और मानसी लाठर ने स्वर्ण पदक जीते थे, जबकि काजल ने शनिवार को 69 किग्रा भार वर्ग में यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा रयबक पर 9-2 से हरा कर पांचवां स्वर्ण जीता। हालांकि, श्रुतिका को रजत पदक मिला।

## कोरिया ट्रैक कप में भारत के एसो अल्बेन ने जीता रजत

**नई दिल्ली. एजेंसी**

भारत के साइक्लिस्ट एसो अल्बेन ने कोरिया ट्रैक कप में पुरुषों की एलीन केरिन स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। अल्बेन दक्षिण कोरिया के कांग सेओ-जून से पीछे रहे। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता ने शानदार शुरुआत करते हुए शीर्ष चार में रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। उसके बाद उन्होंने शीर्ष तीन में रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और फिर रजत पदक जीता। रोनाल्डो सिंह किरीन स्पर्धा के रेपचेज राउंड में भी तीसरे स्थान पर रहे और पदक से चूक गए।

### खिलाड़ी देव मीणा और एकता डे पेरू रवाना

## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ी लेंगे भाग

**भोपाल. दोपहर मेट्रो**

पेरू लीमा में 27 से 31 अगस्त तक आयोजित होने वाले वर्ल्ड एथेलेटिक्स 20 चैम्पियनशिप में राज्य खेल अकादमी के दो खिलाड़ी शामिल होंगे। इस वर्ल्ड अंडर-20 जूनियर चैम्पियनशिप में खिलाड़ी देव मीणा (पोल वॉल्ट) और एकता डे (3000 मी स्टीपल चेस) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों ही खिलाड़ी विश्व चैम्पियनशिप में भागीदारी करने के लिए पेरू रवाना हो गए हैं। अकादमी के पोल वॉल्ट प्रशिक्षक घनश्याम यादव को भी भारतीय एथेलेटिक्स संघ द्वारा प्रशिक्षक के रूप में चयनित किए जाने के बाद वे भी पेरू रवाना हो गए। बता दें कि इस प्रतियोगिता में 43 सदस्यीय भारतीय दल प्रतिभागिता कर रहा है। एकता डे भोपाल की रहने वाली हैं। वर्ष 2017 में खेल अकादमी से जुड़ी थी। वर्तमान में खेल अकादमी की बोर्डिंग खिलाड़ी हैं। दुबई में आयोजित 21वीं एशियन जूनियर एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में 3000 मी. स्टीपल चेस में स्वर्ण पदक अर्जित किया। वर्ष 2022 में यूथ एशियन एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में 2000 मी. स्टीपल चेस इवेंट में रजत पदक अर्जित किया था। वहीं देव मीणा राज्य खेल अकादमी में बोर्डिंग खिलाड़ी हैं। देव ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में 5.05 मी. की छलांग लगाकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रिकार्ड बनाया था। वर्ष 2023 के गोवा नेशनल गेम्स में देव ने स्वर्ण पदक अर्जित करने के साथ नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया था। देव मीणा ने इस रिकार्ड के साथ विश्व चैम्पियनशिप पेरू लिमा में पात्रता अर्जित की थी।

## जूनियर राष्ट्रीय ताईक्कांडो चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण

**भोपाल. दोपहर मेट्रो**

औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में आयोजित 41वीं जूनियर राष्ट्रीय ताईक्कांडो चैम्पियनशिप में अकादमी के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 1 रजत सहित 2 पदक अर्जित किए। इसमें हर्मन गिल ने स्वर्ण और सौभाग्य शर्मा ने रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के दोनों पदक विजेता खिलाड़ियों को जूनियर वर्ल्ड ताईक्कान्डो चैम्पियनशिप के भारतीय प्रशिक्षण शिविर में चयनित किया है। जूनियर वर्ल्ड ताईक्कान्डो चैम्पियनशिप 1 से 6 अक्टूबर तक चुन्चेन, कोरिया में होगी। राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया था। दोनों खिलाड़ी मुख्य प्रशिक्षक जगजीत मांड और प्रशिक्षक अर्जुन सिंह रावत के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे

## मप्र राज्य क्याकिंग केनोइंग अकादमी की खिलाड़ी दीपा फाइनल में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो.** उज्बेकिस्तान में आयोजित होने वाले सीनियर वर्ल्ड केनो चैम्पियनशिप में म.प्र. राज्य क्याकिंग केनोइंग अकादमी की खिलाड़ी दीपा राजपूत ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की केनो चैम्पियनशीप में खेल अकादमी के 7 खिलाड़ी और 3 प्रशिक्षक सहित कुल 10 सदस्यीय दल उज्बेकिस्तान गया हुआ है।

## मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

## फ्लॉप की हैट्रिक के बाद अक्षय की अगली फिल्म की रिलीज टली, अगले साल आएगी 'स्काई फोर्स'

अक्षय कुमार की फिल्में इन दिनों सिनेमाघरों में लगातार संघर्ष कर रही हैं। अभिनेता के फैंस को उनकी एक सफल फिल्म की बेसब्री से तलाश है। उन्हें अभिनेता की आगामी फिल्म स्काई फोर्स से उम्मीद थी कि वह अभिनेता के इस बॉक्स ऑफिस के सूखे को खत्म कर देगी। इस फिल्म का प्रोमो स्त्री 2 से जोड़ा जाना था, लेकिन अभी तक उसे जारी नहीं किया जा सका है। फिल्म का टीजर लॉन्च भी स्थगित कर दिया गया था। अब इस फिल्म की रिलीज पर भी बड़ी जानकारी सामने आ रही है। अक्षय कुमार, सारा अली खान, निमरत कौर अभिनीत इस मल्टी-स्टारर एक्शन एरियल एंटरटेनर के लिए अभिनेता के फैंस काफी उत्सुक हैं, लेकिन उन्हें अब और इंतजार करना पड़ेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म की रिलीज डेट को अब और आगे खिसका दिया गया है। अब स्काई फोर्स अगले साल, यानी जनवरी 2025 में रिलीज होगी। फिल्म को लेकर कहा जा रहा था कि यह देशभक्ति पर आधारित है, जिसके कारण निर्माता 2 अक्टूबर यानी गांधी जयंती पर रिलीज करना चाहते थे। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि निर्माता जनवरी 2025 में फिल्म को रिलीज करना चाहते हैं। 76वें गणतंत्र दिवस के आसपास इस रिलीज करने का प्लान बनाया जा रहा है, जो 26 जनवरी को पड़ता है। इस खबर को पत्रकार राहुल राउत ने एक्स पर साझा किया है। हालांकि, इस पर अब तक निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया है और यह 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हो पाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्षय कुमार अपनी हालिया रिलीज फिल्मों और उनके बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन को देखते हुए ब्रेक लेना चाहते हैं। वह स्काई फोर्स की शूटिंग को लेकर आगे बढ़ने से पहले खुद को फिर से तरोताजा करने के अलावा अपनी दो फिल्मों की रिलीज के बीच कुछ अंतराल भी चाहते हैं। गौरतलब है कि हाल में ही उनकी फिल्म खेल खेल में रिलीज हुई है।



## मनोज ने किया खुलासा, *सिंह इज किंग* के दौरान हम पार्टी करते थे



अभिनेता मनोज पाहवा जल्द ही वेब सीरीज 'आईसी 814 द कंधार हाईजैक' में नजर आने वाले हैं। एक हालिया साक्षात्कार में मनोज ने हिंदी सिनेमा के कुछ जाने-माने कलाकारों की मेहनत को लेकर कई जानकारी साझा की है। मनोज ने बताया कि ये कलाकार किस हद तक अपने काम के लिए समर्पित रहते हैं। मनोज पाहवा ने अक्षय कुमार के साथ 'सिंह इज किंग' फिल्म में काम किया था। इस कॉमेडी फिल्म की शूटिंग के दौरान का अनुभव साझा करते हुए मनोज ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में एक महीने तक शूटिंग चली थी और वो रोजाना पार्टी करते थे। मनोज और फिल्म के अन्य कलाकारों के साथ अक्षय कुमार भी वहीं मौजूद रहते थे। मनोज पाहवा ने हिंदी रश से हुई बातचीत में बताया कि सब लोग मजे कर रहे होते थे, लेकिन अक्षय कुमार रात नौ बजे सोने के लिए चले जाते थे और शराब भी नहीं पीते थे। आठ बजे से पहले ही उनका ट्रेनर उन्हें खाना तैयार होने की खबर देता था। सुबह, जब घड़ी में चार बजते थे तो अक्षय कुमार दो से तीन घंटे तक पसीना बहाते थे। पिछली बार द ग्रेट इंडियन फैमिली में नजर आए मनोज पाहवा अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा और अनुष्का शर्मा के साथ दिल धड़कने दो फिल्म में भी काम कर चुके हैं, जिसका निर्देशन जोया अख्तर ने किया था। मनोज ने बताया कि शूटिंग सुबह चार-पांच बजे तक होती थी, जिसके बाद लोग सोने के लिए निकल पड़ते थे।



## राधा बन सोशल मीडिया पर छाईं तमन्ना भाटिया

दस दिन पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्मों 'स्त्री 2' और 'वेदा' में छटांक-छटांक भर किरदारों में नजर आईं अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने जन्माष्टमी को ध्यान में रखते हुए इस बार कैमरे के सामने राधा का रूप धरा है। ये रूप उनका एक खास कैंपेन के लिए हैं और सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों के बीच खूब लोकप्रिय हो रहा है। तमन्ना इस पूरी प्रचार श्रृंखला के चित्र सोशल मीडिया पर साझा करते हुए एलान करती हैं, बिना किसी हिचक के मैं कह सकत हूं कि मेरे 18 साल की अभिनय यात्रा में ये अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रचार श्रृंखला है। गौरतलब है कि तमन्ना भाटिया ने साल 2005 में हिंदी फिल्म 'चांद सा रोशन चेहरा' से डेब्यू किया था। अभिनेता विजय वर्मा में अपनी असल जिंदगी का 'कान्हा' तलाश चुकीं तमन्ना भाटिया ने जब कैमरे के सामने राधा का रूप धरा तो वह बताती हैं कि उनके अनुभव भी बहुत विलक्षण रहे। और, सिर्फ वह ही नहीं बल्कि इस फोटोग्राफी के दौरान जितने लोग इसमें शामिल थे, सब में शांति और सेवाभाव नजर आया। तमन्ना भाटिया लिखती हैं, वैसे तो हर शूटिंग स्नेह और संभाल के साथ ही होती है लेकिन ये अपने आप में बिल्कुल अनोखी रही। बहुत गर्मी थी लेकिन हमें रोशनी के हर परावर्तन में अलग ही आभा और छांह महसूस हो रही थी। हमें इसके दौरान कुछ लम्हे बहुत ही शांति के महसूस हुए। ऐसा लग रहा था जैसे प्रकृति खुद हमारी मार्गदर्शक बन चुकी है। यही नहीं, जैसा कि वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर जाने वाले तमाम कृष्ण भक्तों को महसूस होता है, इस प्रचार श्रृंखला के लिए राधा का पूरा श्रृंगार करने के बाद तमन्ना को भी अलौकिक अनुभव हुए।

## छोटी-बड़ी खबरें

### आशुतोष उपाध्याय होंगे जहांगीराबाद थाना प्रभारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी में चार थाना प्रभारियों के थानों में बदलाव किया गया है। उक्त बदलाव के आदेश उपायुक्त पुलिस मुख्यालय अखिल पटेल द्वारा किए गए। नए आदेश के तहत आशुतोष उपाध्याय को कोलार थाने से जहांगीराबाद थाने की कमान सौंपी गई है। जहांगीराबाद थाना प्रभारी संजय सिंह सोनी को कोलार थाने की कमान सौंपी गई है। इसी प्रकार टीटी नगर थाना प्रभारी मनोज पटवा अब अरेरा हिल्स थाना प्रभारी होंगे और सुरेश कुमार फरकले को अरेरा हिल्स से गांधी नगर थाने की कमान सौंपी है।

### शराब पीने से रोकने पर पीटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** शाहजहांनाबाद में घर के सामने शराब पीने से रोकने पर एक बदमाश ने युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक रोहित नागराज (21) बाजपेयी नगर मल्टी में रहता है और प्रायवेट काम करता है। रात करीब दस बजे वह अपनी झुग्गी वाटर फिल्टर प्लांट के पास पहुंचा था। उस वक्त झुग्गी के सामने शानू नामक युवक शराब पी रहा था। रोहित ने उसे झुग्गी के सामने शराब पीने से मना किया तो उसने मारपीट कर दी। रोहित के सिर, कोहनी और पीठ में गंभीर चोट आई है। बाद में रोहित ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

### जुए की कई फड़ों पर पुलिस का छापा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पुलिस द्वारा जुआरियों और सटोरियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। बीते 24 घंटों के भीतर जुए की कई फड़ों पर पुलिस ने छापा मारकर हजारों की राशि जब्त की। छोला मंदिर पुलिस ने जुआ खेल रहे अजय, शंकर, बलवीर, प्रमोद, कुनाल, कौशल और प्रवीण को गिरफ्तार कर 4250 रु. जब्त किए। इधर देहात की बैरसिया पुलिस ने जुआ खेल रहे जगदीश, जयसिंह और अमित से 775 रु., अर्जुन, गोलू और प्रकाश से 1510 रु. व दिलीप, अमर और रमेश से 1170 रु. जब्त किए हैं। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया।

### किशोरी ने फांसी लगा की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित इंद्रा नगर मल्टी में सोलह साल की किशोरी ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से प्राथमिक पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है। पुलिस के अनुसार मधु बरार पिता रामस्वरूप बरार (16) मल्टी इंद्रा नगर में रहती थी। वह नवीं कक्षा तक प?ी थी। इन दिनों घर पर रहकर कामकाज संभालती थी। पिता और परिवार के सभी लोग मजदूरी करते हैं। मधु का ब?ा भाई विनय आटो चलाता है। विनय ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह सभी लोग अपने काम पर गए थे। वह भी आटो लेकर अपने काम पर चला गया। दोपहर करीब 12 बजे विनय घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद?था। किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचा तो उसने मधु की लाश सा?ी के फंदे पर पंखे पर लटकी देखी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित मोती नगर मस्जिद के पास रविवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। अनुमान है कि ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आया था। पुलिस के अनुसार साजिद अली पिता जावेद अली राजीव नगर, झुग्गी, एमपी में रहता था। वह प्राइवेट काम करता था और शराब पीने का आदी था। परिजन ने बताया कि वह पूरे समय शराब के नशे में रहता था। रविवार दोपहर करीब दो बजे के आसपास पुलिस ने उसकी लाश रेलवे ट्रैक से बरामद की थी। अनुमान है कि वह ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया है।

### महिला से शराब के लिए अड़ीबाजी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कमला नगर पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ अड़ीबाजी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पचास वर्षीय सुशीला गंगा नगर में रहती हैं और गृहणी हैं। शुक्रवार की शाम करीब सात बजे वह मोहल्ले में रहने वाली महिला के साथ घर के बाहर खड़ी होकर बातचीत कर रही थी। इसी बीच लाला नामक युवक पहुंचा और शराब पीने के लिए सुशीला से एक हजार रुपए मांगने लगा। महिला ने जब बोला कि उसके पास रुपये नहीं हैं तो लाला ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। पड़ोसन ने बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। शनिवार को पीड़िता ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और अड़ीबाजी का केस दर्ज करवाया।

### पूरी रात मोबाइल पर रहता था ऑनलाइन, दिनभर सोता था

# मोबाइल पर गेम खेलने के शौकीन युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित विश्वकर्मा नगर में एक युवक ने फांसी लगा ली। माता पिता ने रविवार सुबह उसे अपने कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह पूरी रात मोबाइल पर ऑनलाइन गैम खेलता था और दिनभर सोता रहता था।

पुलिस के अनुसार सोहन सेन पिता अनंत राम सेन (20) विश्वकर्मा नगर, निशातपुरा में रहता था। उसके पिता अनंत कुमार सेन बस स्टैंड पर किताब की दुकान लगाते हैं। अनंत सेन बड़ी बेटी की शादी कर चुके हैं। सोहन उर्फ समीर उनका इकलौता बेटा था और महज दसवीं कक्षा तक पड़ा था। अनंत सेन ने पुलिस को बताया कि रात में खाना खाने के बाद सोहन अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह करीब साड़े 7 बजे नींद खुली तो सोहन के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पिता ने सोहन को आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उसके मोबाइल पर कॉल करने पर कॉल भी रीसिव नहीं हो रहा था। अनहोनी की आशंका होने पर दंपती ने दरवाजा तोड़ा तो पता चला कि सोहन ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है। दंपती उसे फंदे से उतारकर भानपुर स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर सोहन को मृत घोषित कर दिया।



#### मोबाइल किया जब्त

अस्पताल की सूचना पर मृतक के कमरे की तलाशी ली गई। तलाशी में सुसाइड नोट नहीं मिला है। सोहन के माता पिता ने बताया कि सोहन रात भर मोबाइल पर ऑनलाइन गैम खेलता था और घर से बहुत कम ही बाहर निकलता था। रात में नींद नहीं होने के कारण वह दिन में प्रतिदिन सोता था।

### झांकी स्थल का भूमिपूजन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** वार्ड 50 गुलमोहर कॉलोनी में श्रीगणेश महोत्सव झांकी स्थल का भूमिपूजन महापौर ने किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य सुषमा बाविसा, झांकी अध्यक्ष अभिज्ञान नरेंद्र पटेल आदि मौजूद थे।

### चरित्र संदेह पर पत्नी की गला दबाकर हत्या, थाने पहुंचकर किया सरेंडर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित लेबर कॉलोनी इंद्रपुरी में चरित्र संदेह के चलते पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद वह खुद ही थाने पहुंचा और सरेंडर करते हुए उसने बताया कि पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी है। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। पुलिस आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार छाया पति दिलीप मेहरा (26) लेवर कॉलोनी इंद्रपुरी पिपलानी में रहती थी और गृहणी थी, जबकि पति दिलीप मेहरा फोटोग्राफी के अलावा पुताई के ठेके लेता था। छाया और दिलीप की शादी चार साल पहले हुई थी। दोनों की चार साल की बच्ची है। दंपती बच्ची के साथ ग्राउंड फ्लोर पर रहते थे, जबकि ऊपर वाले फ्लोर पर माता-पिता रहते हैं। दिलीप और छाया का आए दिन विवाद होता था। दरअसल, दिलीप को संदेह था कि उसकी पत्नी दूसरे युवकों से बातचीत करती है। रविवार दोपहर भी दंपती में इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर दिलीप ने पत्नी के साथ मारपीट की और उसका गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद दिलीप ने थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया।

### सम्मान समारोह आयोजित



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मिलन गार्डन में कुशवाहा समाज द्वारा लव कुश जयंती पर महाआरती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

### चूनाभट्टी में डॉक्टर के घर हुई लाखों की चोरी का मामला

## रिश्तेदारों को नेपाल भेजने के बाद दिया वारदात को अंजाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चूनाभट्टी में डाक्टर के बेटी-दामाद को नशीला पदार्ख खिलाकर घर से बारह लाख रुपये नकद और लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर गायब हुए नौकर दंपति का सुराग नहीं लग पाया है। वारदात को अंजाम देने वाले उसके साथियों का भी कुछ पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि नौकर दंपती ने अपनी बेटी और रिश्तेदारों को नेपाल शिफ्ट करने के बाद योजना बनाकर घटना को अंजाम दिया। उसके भी नेपाल भागने का अनुमान लगाया जा रहा है। दो दिन पहले रिश्तेदारों को स्टेशन छोड़ने वाले एक ड्रायवर का पता चल गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार शाहपुरा सी सेक्टर में रहने वाले डॉक्टर विजय कुमार निचलानी पिछले दिनों काम से बैंगलोर चले गए थे। उनकी पत्नी, बेटा और बहू भी शहर से बाहर गए थे। उन्होंने घर पर बेटी और दामाद को रहने का बोल दिया था। शुक्रवार को घर के नौकर गगन और उसकी पत्नी संगीता ने बेटी दामाद को खाना खिलाया था, जिसके बाद दोनों बेहोश हो गए थे। उसके बाद नौकर दंपति ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर घर में रखी करीब 12 लाख रुपये नकदी और लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर लिये थे। शनिवार सुबह डॉक्टर ने एयरपोर्ट से फोन लगाया तो किसी ने भी नहीं रिसीव किया। वह घर पहुंचे तो मुश्किल से दामाद ने दरवाजा खोला। वह बेहोशी की हालत में दिख रहे थे। उसके बाद पुलिस ने नौकर दंपति और उसके साथियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया था। दो दिन पहले रिश्तेदारों को भेजा नेपाल नौकर दंपति नेपाल के रहने वाले हैं। दो दिन पहले उन्होंने अपने रिश्तेदारों के साथ बेटी को भी नेपाल भेज दिया था। घटना वाले दिन दंपति ने काजूकरी बनाई थी। अनुमान है कि इसी में कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर खिलाया होगा। दोनों के मोबाइल बंद होने के कारण उनकी लोकेशन नहीं मिल पाई है। नौकर दंपति के भोपाल में रहने वाले अन्य जान-पहचान वालों का पता लगाया जा रहा है। दो दिन पहले जिस ड्रायवर ने उसके रिश्तेदारों को स्टेशन पहुंचाया था, उससे भी पूछताछ की जा रही है।

## अवैध शराब के साथ कई आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



भोपाल पुलिस द्वारा अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। टीला जमालपुरा पुलिस ने निर्मल मालीय उर्फ विक्की निवासी गौतम नगर के पास से देशी-विदेशी 22 क्वार्टर शराब जब्त की है। जब्त हुई शराब की कीमत 2700 रुपए बताई गई है। इसी प्रकार खजूरी सड़क थाना पुलिस ने ग्राम लखापुर के पास कमलेश पाटीदार निवासी रातीबड़ और गोलू मालवीय निवासी खजूरी सड़क को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। दोनों के पास से 3200 रुपए की शराब जब्त हुई। इधर देहात की बिलखिरिया थाना पुलिस ने छावनी पठार के पास चिंतोबाई, दीप ठाकुर, विनोद ठाकुर और हाकम सिंह को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। चारों के पास से करीब 7 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त हुई है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।




**मेट्रो एंकर** आरोपी के घर काम करती थी पीड़िता, मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

## युवक ने किया महिला का शारीरिक शोषण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



पिपलानी पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी के घर पीड़िता काम करती थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 30 वर्षीय महिला लोगों के घरों में काम करती है। करीब तीन साल पहले वह प्रतीक राजन के घर पर काम करती थी। इस दौरान एक दिन प्रतीक ने महिला को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने शिकायत नहीं की तो आरोपी बीच-बीच में उसका शारीरिक शोषण करने लगा। इस दौरान उसने कुछ रुपये भी महिला से ले लिए थे। कुछ महीने पहले महिला ने अपने रुपए वापस मांगे तो उसके साथ मारपीट करते हुए काम से निकाल दिया। परेशान होकर पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। इसी थाना पुलिस ने 16 वर्षीय किशोरी की रिपोर्ट पर शशांक नामक युवक के खिलाफ पीछा कर छेड़छाड़ और विरोध करने पर गाली-गलौज करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी पिछले करीब दो महीने से किशोरी को परेशान कर रहा था। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### युवती ने फांसी लगा कर की आत्महत्या



बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित बिरहा विशनखेड़ी गांव में रविवार दोपहर एक युवती ने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। साथ ही परिजन के अभी बयान नहीं हो सके हैं। पुलिस सोमवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजन के बयान दर्ज करेगी। पुलिस के अनुसार मनीषा मेहर पिता लीलाकिशन मेहर (19) गांव विरहा बिशनखेड़ी, तहसील बैरसिया में रहती थी। वह महज आठवीं कक्षा तक पड़ी थी। इन दिनों वह घर में रहकर कामकाज संभालती थी। परिवार खेती किसानी करता है। रविवार दोपहर मां घर के बाहर धनिया निकाल रही थी, जबकि भाभी आंगन में बर्तन धो रही थी। इसी बीच अंदर कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर मनीषा ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही मां और भाभी ने उसे फंदे से नीचे उतारा और इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में मनीषा को मृत घोषित कर दिया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022